आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-287 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## इसरो ने अंतरिक्ष में जोड़ दी दोनों सैटेलाइट

**नई दिल्ली,16 जनवरी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को एक बार फिर से इतिहास रच दिया। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट मिशन के तहत दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक करने की प्रक्रिया पूरी कर ली। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।'' इसरो ने कहा, '''डॉकिंग' के बाद एक वस्तु के रूप में दो सैटेलाइट पर नियंत्रण स्थापित करने की प्रक्रिया भी सफल रही। आने वाले दिनों में 'अनडॉकिंग' और 'पावर ट्रांसफर' का परीक्षण किया जाएगा।'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ''उपग्रहों की अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' के सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।'' इससे पहले इसरो ने दो बार डॉकिंग का प्रयास किया था, लेकिन तकनीकी समस्याओं के कारण 7 और 9 जनवरी को यह संभव नहीं हो सका। 12 जनवरी को इसरो ने सैटेलाइट को 15 मीटर और 3 मीटर की दूरी तक लाने में सफलता हासिल की थी। इसरो ने कहा था, 15 मीटर और फिर 3 मीटर तक की दूरी को सफलतापूर्वक तय किया गया है। इसके बाद सैटेलाइट्स को सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। डेटा का विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी।




SpaDeX मिशन को इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को लॉन्च किया था। इसमें दो छोटे सैटेलाइट- SDX01 (चेसर) और SDX02 (टारगेट) - को पृथ्वी की निम्न कक्षा में स्थापित किया गया। इस मिशन का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना है। डॉकिंग तकनीक की आवश्यकता चंद्रयान-4 जैसे मिशनों में होगी, जिसमें चंद्रमा से सैंपल लाकर पृथ्वी पर वापस लाना है। इसके अलावा, भारत के अंतरिक्ष स्टेशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना के लिए भी यह तकनीक अहम होगी, जिसे 2028 तक लॉन्च करने की योजना है। मिशन के तहत पहले दोनों सैटेलाइट को 20 किलोमीटर की दूरी पर रखा गया। इसके बाद चेसर सैटेलाइट ने टारगेट सैटेलाइट के पास जाकर 5 किमी, 1.5 किमी, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंततः 3 मीटर तक की दूरी तय की। इसके बाद दोनों सैटेलाइट्स को एक साथ जोड़ा गया। डॉकिंग के बाद सैटेलाइट्स के बीच बिजली के ट्रांसफर का प्रदर्शन किया गया और फिर दोनों को अलग कर उनके संबंधित पेलोड संचालन शुरू किए गए। चंद्रयान-4 मिशन में डॉकिंग और अंडॉकिंग प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मिशन में दो मॉड्यूल्स को अलग-अलग लॉन्च वाहनों से लॉन्च किया जाएगा, जो जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में डॉक करेंगे। चंद्रमा से सैंपल इकट्ठा करने और उन्हें वापस पृथ्वी पर लाने के लिए डॉकिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा, मानव मिशन और अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी इस तकनीक को आगे बढ़ाने की योजना है।

## महाकुंभ में कम पड़ने लगे टेंट

**प्रयागराज,16 जनवरी।** प्रयागराज महाकुंभ में आज चौथे दिन दोपहर तक 10 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक देश-विदेश से आए करीब 6.10 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार टेंट सिटी 30 जनवरी तक फुल हो गई है। अगर आप अब बुकिंग करवाते हैं तो आपको फरवरी के पहले सप्ताह का इंतजार करना होगा। 24 जनवरी को महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री संगम स्नान के लिए पहुंचेंगे। वह 3 दिनों तक कथा करेंगे। उनका दरबार लेटे हुए हनुमान मंदिर के सामने लगेगा। श्रद्धालुओं को सड़क से घाट तक 3 से 4 किलोमीटर ले जाने के लिए कुछ बाइकर्स ने 2 से 3 हजार रुपए वसूले। पुलिस ने 8 युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके वाहनों को सीज कर केस दर्ज किया गया है। 16 जनवरी से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुंभ होगा। आज गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे। यमुना, सरस्वती पंडाल में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे। मेला देखने के लिए 10 देशों सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका,मलेशिया, मॉरिशस, श्रीलंका, फिजी, फिनलैंड, गुयाना, त्रिनिदाद-टोबैगो और यूएई से 21 लोगों का प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचा है। संगम में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के इको-फ्रेंडली पंडाल में शिव की यह प्रतिमा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है।



## रक्षा मंत्री व सेना प्रमुख के बयान पर तिलमिलाया पाकिस्तान

**करांची,16 जनवरी।** पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में पाकिस्तान के आतंकवाद का केंद्र होने संबंधी जनरल द्विवेदी की टिप्पणी को खारिज किया। उसने कहा कि इस तरह के राजनीति से प्रेरित और भ्रामक बयान भारतीय सेना के अत्यधिक राजनीतिकरण को दर्शाते हैं। आर्मी चीफ की तरफ से एलएसी से लेकर एलओसी तक देश को दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया गया। लेकिन आर्मी चीफ के बयान के बाद पाकिस्तान तिलमिलाता नजर आ रहा है। पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना और विदेश कार्यालय ने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस बयान को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद अपने पड़ोस में आतंकवाद का इंजन है, यह अत्यधिक दोहरेपन का क्लासिक मामला है। भारतीय सेना प्रमुख का यह कहना कि पाकिस्तान आतंकवाद का केंद्र है, न केवल तथ्यों के विपरीत है, बल्कि भारत की डिफ़ॉल्ट स्थिति को मात देने की निरर्थक कवायद भी है - राज्य प्रायोजित क्रूरता की आंतरिक प्रतिक्रियाओं के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराना। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में पाकिस्तान के आतंकवाद का केंद्र होने संबंधी जनरल द्विवेदी की टिप्पणी को खारिज किया। उसने कहा कि इस तरह के राजनीति से प्रेरित और भ्रामक बयान भारतीय सेना के अत्यधिक राजनीतिकरण को दर्शाते हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि पाकिस्तान ऐसी बेबुनियाद टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताता है। पाकिस्तान में गैर-मौजूद आतंकवादी ढांचे की कल्पना करने के बजाय आत्म-भ्रम में न पड़ना और जमीनी हकीकत की सराहना करना बुद्धिमानी होगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि भारतीय नेतृत्व की ऐसी बयानबाजी जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान नहीं भटका सकती। विदेश कार्यालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत विवादित क्षेत्र है, जिसकी अंतिम स्थिति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार निर्धारित की जानी है। उसने कहा कि भारत के पास पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान के क्षेत्रों पर दावा करने का कोई कानूनी या नैतिक आधार नहीं है। पाकिस्तान ने कहा कि इस तरह की उकसावे वाली टिप्पणियां÷ क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक हैं। पाकिस्तान ने कहा कि इस तरह की उकसावे वाली टिप्पणियां क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक हैं।

### कंगना रनौत को लगा झटका

**मुंबई ,16 जनवरी।** कंगना रनौत की इमरजेंसी काफी बार पोस्टपोन होने के बाद अब आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। लेकिन रिलीज होने से पहले इमरजेंसी को एक झटका लगा है। दरअसल फिल्म को बांग्लादेश में बैन कर दिया गया है। कई विवादों में उलझने के बाद और कुछ सीन्स हटाने के बाद सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी का रास्ता साफ कर दिया।

## सैफ अली खान पर चाकू से हमला

**मुंबई,16 जनवरी।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके खार स्थित घर में चोर ने चाकू से हमला किया, जिससे वह घायल हो गए। घटना शनिवार सुबह करीब 3 बजे की है, जब एक अज्ञात चोर सैफ के घर में घुस आया। सैफ अली खान का घर खार के फार्च्यून हाईट्स के 11वें फ्लोर पर स्थित है। सूत्रों के अनुसार, घटना के दौरान सैफ और उनके घर के नौकर नींद से जागे और शोर मचाया, जिससे सैफ की नींद भी टूट गई। जब उन्होंने चोर को पकड़ने की कोशिश की, तो चोर ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। सैफ अली खान घायल हो गए और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि उनका जख्म गंभीर नहीं है। मुंबई पुलिस ने घटना पर बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि एक अज्ञात व्यक्ति सैफ अली खान के घर में घुसकर उनकी नौकरानी से बहस कर रहा था। जब अभिनेता ने हस्तक्षेप किया, तो आरोपी ने सैफ पर हमला कर दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और चोर की तलाश में जुटी है। सैफ की पत्नी, अभिनेत्री करीना कपूर और उनके बच्चे इस घटना के समय सुरक्षित थे। परिवार ने फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है, और घटना की जानकारी सभी नजदीकी पुलिस थानों को दी जा चुकी है।



## 2 से ज्यादा बच्चे होने पर ही लड़ पाएंगे चुनाव: चंद्रबाबू

**हैरदाबाद,16 जनवरी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोई व्यक्ति तभी सरपंच, नगर निगम पार्षद या मेयर बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों, यह संकेत देते हुए कि यह गिरती जनसंख्या को रोक देगा। नायडू ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर निगम पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन पाएंगे जब आपके दो से अधिक बच्चे होंगे। सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। उन्होंने कहा, आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते।÷ नायडू ने कहा, सभी देशों ने यह गलती की है और हमें सही समय पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति हाथ से बाहर हो गई। दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन जगहों पर लोगों को आबादी कम होने के खतरे का एहसास नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल धन पैदा करने, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस महीने की शुरुआत में, नायडू ने गिरती जन्मदर पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्मदर में गिरावट आई है।



## लखमा की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसियों ने कराया सुकमा बंद

**सुकमा,16 जनवरी।** पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर जिला कांग्रेस ने एक दिवसीय सुकमा बंद का आह्वान किया है, जिसका जिला मुख्यालय में असर देखने को मिल रहा है. सुबह से व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं. इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में नारेबाजी करते हुए लखमा की गिरफ्तारी पर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं.

बता दें कि छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को बुधवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने तीसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड के लिए जस्टिस अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया था. जहां सुनवाई के बाद लखमा को 22 जनवरी तक के लिए 7 दिन की रिमांड में भेज दिया गया था. इस मामले में लखमा के बेटे हरीश को भी आरोपी बनाया है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है. ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शासनकाल के दौरान साल 2019 से 2022 तक लाइसेंसी शराब दुकानों पर डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेची जाती थी, जिसके चलते छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था. उस दौरान शराब को स्कैनिंग से बचाने के लिए नकली होलोग्राम भी लगाया जाता था, ताकि वह किसी की पकड़ में न आ सके. इस होलोग्राम को बनाने के लिए घोटाले में संलिप्त लोगों ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में होलोग्राफी का काम करने वाली PHSE (प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी को टेंडर दिया था. ईडी ने अपनी जांच के बाद यह बताया है कि यह कंपनी होलोग्राम बनाने के लिए पात्र नहीं थी, फिर भी नियमों में बदलाव कर उसी कंपनी को टेंडर दे दिया गया था. ईडी के टेंडर दिलाने के एवज में कंपनी के मालिक से भारी कमीशन लिया गया था. यह जानकारी सामने आने के बाद जब कंपनी के मालिक विधु गुप्ता को ईडी ने गिरफ्तार किया तो उसने कांग्रेस सरकार में छ्स्स्ष्ट्ररु में एमडी अरुणपति त्रिपाठी, बिजनेसमैन अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा का नाम लिया. ईडी ने जब इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, तो मामले में और भी खुलासे होने लगे. इसके बाद साल 2024 के अंत में कांग्रेस विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का नाम सामने आया. सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच में पता चला है कि कवासी लखमा को शराब घोटाले से पीओसी (प्रोसीड ऑफ क्राइम) से हर महीने कमीशन मिलाता था.



## नामी कंपनियों के नाम पर चेन मार्केटिंग में लुटाए लाखों रुपए

**बीजापुर,16 जनवरी।** जिले में बीते कुछ महीनों से नामी कंपनियों के उत्पाद के लिए धन लगाने से रोजाना मुनाफे के नाम पर शुरू चेन मार्केटिंग में लोगों ने करोड़ों रुपए गंवा दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक बीते तीन चार महीने से बीजापुर नगर सहित अंदरूनी कस्बों में यह धंधा फलफूल रहा था पर बीते तीन दिनों से इनके ऐप नहीं खुल रहे हैं। जिसके चलते इनके सुपर इन्वेस्टर सकते में आ गए हैं। गुडरिक और डेकथलॉन जैसी नामी कंपनियों के नाम से शुरू चैन मार्केटिंग में उनके प्रॉडक्ट जिसकी कीमत 6 सौ 80 रुपए से 1 लाख 32 हजार तक की खरीदी कर छोड़ देना था। जिसके एवज में 20 प्रतिशत जीएसटी काट कर रोजाना ऐप के खाते में राशि जमा होना दिखता था। इन्वेस्टर अपनी इच्छा के अनुरूप विड्रॉल कर सकते थे। बीते तीन दिनों से विड्रॉल प्रोसेसिंग बता रहा है पर खाते में राशि नहीं आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसकी शुरूआत वॉट्सएप लिंक के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाता रहा। हाल ही में बीजापुर जिले के अंदरूनी इलाकों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी की पहुंच होने से अंदरूनी कस्बों के कुछ किसानों ने धान फसल के मिले पैसे को ही इन्वेस्ट कर दिया। इनके ऐप बंद होने के बाद भी वॉट्सएप ग्रुप सक्रिय बताया जा रहा है। बीजापुर टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि चेन मार्केटिंग की सूचना मिली है जिसकी तस्दीक की जा रही है।



## आईएएस नम्रता गांधी का पीएम अवार्ड के लिए चयन

### जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए पीएम मोदी करेंगे सम्मान

**रायपुर,16 जनवरी।** धमतरी कलेक्टर आईएएस नम्रता गांधी को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है. सिविल सर्विस डे के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नम्रता गांधी को सम्मानित करेंगे. प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होने वाली नम्रता गांधी छत्तीसगढ़ की तीसरी आईएएस अधिकारी है. इससे पहले दंतेवाड़ा के तत्कालीन कलेक्टर ओपी चौधरी और आईएएस सौरभ कुमार को यह पुरस्कार मिला था. जनवरी 2024 से धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी ने भखारा नगर पंचायत में पेयजल की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर गंगरेल नहर से सिलघट तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई.



38वां राष्ट्रीय खेल : उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक होगा सम्पन्न jasclaudius@gmail.com

## राष्ट्रीय खेलों का हो नियमित आयोजन

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

स्वतंत्रता के पूर्व से ही भारत में 1924 से राष्ट्रीय खेलों का आयोजन की परम्परा रही है। पहले राष्ट्रीय खेल जिसे इंडियन ओलंपिक गेम्स कहा जाता है 1924 में लाहौर में आयोजित की गई थी। फिर 1926, 1928, 1930, 1932, 1936, 1938 में सम्पन्न हुए। तत्पश्चात नेशनल गेम्स के नाम से 1940, 1942, 1944, 1946 फिर स्वतंत्रता के पश्चात् से 1970 तक राष्ट्रीय खेलों को ओलंपिक फारमेट में प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय खेलों के आयोजन अनियमित हो गया और फिर 1979, 1985, 1987, 1994, 1997, 1999, 2001, 2002, 2007, 2011, 2015, 2022, 2023 में खेल सम्पन्न हुए। अब 2025 के राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में आगामी 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाने वाला है। राष्ट्रीय खेलों में जिस तरह 1970के बाद आयोजन को लेकर अनियमितता आई वास्तव में उसके राष्ट्रीय खेलों की महत्ता कम हुई। 1924 से 1946 अर्थात् स्वतंत्रता के पूर्व तक राष्ट्रीय खेलों का बहुत महत्व था क्योंकि ओलंपिक खेलों में भारतीय दल के प्रतिभागियों के भाग लेने का आमतौर पर पैमाना राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन होता था। हमारे देश में स्वतंत्रता के पूर्व हाकी, टेनिस, फुटबाल, व्हालीबाल, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, शतरंज जैसे कुछ खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल पाते थे। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में या फिर किसी खेल के विश्व कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ तथा खेल विशेष के विश्व फेडरेशन द्वारा एक निश्चित समय, वजन, विश्ववरीयता आदि का निर्धारण किया जाता था। 1947 में मिली स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय खेल परिदृश्य में अंतर आया और राष्ट्रीय खेलों को 1970 तक बराबर महत्व दिया गया। अगर हम ओलंपिक खेलों में 1948 से 1972 तक के भाग लेने वाले खिलाड़ियों के द्वारा योग्यता हासिल करने के आधार का अध्ययन करेंगे तो स्पष्ट हो जाता है कि जिन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है उन्हें ओलंपिक खेलों या फिर विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर दिया जाता था। 1970 के बाद भारत के खेल इतिहास पर हम नजर डालेंगे तो स्पष्ट रूप से यह बात उभरकर आती है कि राष्ट्रीय खेलों के साथ विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों द्वारा खेल विशेष के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्थापित कीर्तिमान की तुलना की जाने लगी और अगर खिलाड़ी का प्रदर्शन उस वर्ष के राष्ट्रीय खेलों के प्रदर्शन से बेहतर है और वे ओलंपिक या विश्व प्रतियोगिता में भाग लेने की योग्यता प्राप्त कर ली हो तो उन्हें भी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति दी जाती थी। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी पूरी तरह से इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के पास है जबकि खेल विशेष की चैंपियनशिप उस खेल के राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा सम्पन्न करया जाता है जबकि यह स्पर्धा इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की देखरेख में सम्पन्न होती है। अतः अब खिलाड़ी के पास दो अवसर है कि वे अपना प्रदर्शन किसी भी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ करें। दूसरी तरफ 1970 से 2023 तक राष्ट्रीय खेलों के आयोजन दो वर्षों से अधिक अंतराल में होने के कारण खिलाड़ी भी अपनी तैयारी को लेकर दुविधा में होते हैं। इस तरह की लापरवाही का खामियाजा देश को भुगतना पड़ता है जबकि भारत के खिलाड़ी नियमित रूप से तैयारी नहीं कर पाते हैं। 2004 से 2014 फिर 2014 से 2025 तक के दो सरकारों के कार्यकाल की तुलना करने पर स्पष्ट हो जाता है कि खेल व खिलाड़ी की भावना के साथ किस तरह खिलवाड़ किया गया है। 2004 से 2014 तक सिर्फ 2007 व 2011 में दो राष्ट्रीय खेल जबकि 2014 से 2025 तक 2015, 2022, 2023 तथा 2025 तक कुल चार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हुआ। इस तुलना से निष्कर्ष यह निकला कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में खेलों को ज्यादा महत्व दिया गया जिससे भारत के खिलाड़ियों ने देश का नाम ज्यादा रोशन किया है।

## भूपेश बघेल ने आदिवासी नेता को मोहरा बनाया

### कानून मास्टर माइंड तक पहुंचेगा: नितिन नबीन

**रायपुर,16 जनवरी।** पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर मचे सियासी बवाल के बीच भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आदिवासी नेता को मोहरा बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप बचिएगा नहीं. कानून असली मास्टर माइंड तक पहुंचेगा. संगठन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे नितिन नबीन ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैंने तो यही समझा कि एक ट्राइबल के द्वारा अपराध करा दिया गया है, जबकि असली मास्टर माइंड पीछे बैठा है. लेकिन कानून इतना मज़बूत है कि मास्टर माइंड को भी पकड़ निकलेगा. नितिन नबीन ने वहीं भूपेश बघेल को लेकर कहा कि जिस प्रकार से आपने एक आदिवासी को मोहरा बनाकर इस्तेमाल किया है. कहीं न कहीं यह स्पष्ट है कि आदिवासियों के प्रति आपकी क्या सोच है. आप किस चीज़ के लिए जाने जाते हैं. आप भी बचियेगा नहीं. इस अपराध के जो असली जनक हैं, उन तक कानून पहुंचेगा.



## संक्षेप

### मिशन की सफल डॉकिंग पर सीएम साय ने इसरो को दी बधाई

**रायपुर,16 जनवरी।** भारत ने आज एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। भारत ने SpadeX मिशन की सफल डॉकिंग कर स्पेस डॉकिंग तकनीक में दुनिया का चौथा देश बन गया है। छत्तीसगढ़ के सीएम साय ने भारत की इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम और देश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा- 'अंतरिक्ष में भारत की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि भारत ने SpadeX मिशन की सफल डॉकिंग कर इतिहास रचते हुए स्पेस डॉकिंग तकनीक में दुनिया का चौथा देश बनने का गौरव हासिल किया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर इसरो की पूरी टीम और देशवासियों को हार्दिक बधाई! जय विज्ञान, जय अनुसंधान, जय भारत!

### आईईडी ब्लास्ट में 2 जवान घायल

**बीजापुर,16 जनवरी।** बीजापुर के बासागुड़ा में हुए आईईडी ब्लास्ट में दो सीआरपीएफ जवान घायल हो गए हैं। ये दोनों जवान, मृदुल बर्मन



और इशाक खान, सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन से हैं। दोनों जवान सीआरपीएफ की 229 बटालियन और कोबरा बटालियन की ज्वाइंट टीम के हिस्से के रूप में एरिया डॉमिनेशन पर निकले थे। माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट के कारण ये जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों को अल सुबह एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहां देवेंद्र नगर स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। दोनों जवानों की सर्जरी ऑपरेशन थिएटर में चल रही है। घायल जवानों के नाम मिर्दुल बर्मन और मोहम्मद आशिक है. जवान मिर्दुल के बाएं पैर में गहरी चोट आई और मोहम्मद आशिक के चेहरे में चोट आई है। राहत की बात यह रही कि दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### मुठभेड़ के बाद तीन हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद

**सुकमा,16 जनवरी।** नक्सल विरोधी सर्च अभियान में जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ, एवं कोबरा की संयुक्त पाटी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला-सुकमा एवं बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र पालीगुड़ा एवं गुंडराजगुडेम क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान ग्राम पालीगुड़ा-गुंडराजगुडेम के मध्य जंगल पहाड़ में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो रूक-रूक कर चलती रही। मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर 03 पुरुष माओवादियों का शव बीजीएल लांचर, अन्य हथियार, भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ व नक्सल सामाग्री सहित बरामद हुआ। मृत माओवादियों की PLGA संगठन × दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी की सदस्य होना संभावना मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। विस्तृत जानकारी पुलिस पार्टी के मुख्यालय वापसी उपरांत पृथक से दी जायेगी।

### राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल ,16 जनवरी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं।शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं, उनकी मानसिक आयु शून्य है। राहुल गांधी हम भारत माता के लिए प्राण न्योछावर कर सकते हैं।

## एक नजर

### दो आरोपी फरार

**भिलाई, 16 जनवरी।** भिलाई पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने आरोपी प्रोबीर शर्मा और धीरज वस्त्रकार को घटना स्थल ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया। भिलाई-3 कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हमला के दौरान आरोपियों की कार खड़ा खड़ी थी। इसके अलावा उन्होंने हमलावरों को वारदात को अंजाम देने के लिए कहां-कहां ले गए छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं की भिलई-3 पुलिस को कोर्ट से कस्टडी मिली वारदात की पूरी प्लानिंग पदुमनगर के विट्ठल ग्रीन में हुई इसके चलते घटना स्थल से लेकर षड़यंत्र रचने वाली जगह तक का क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया गया दोनों आरोपी वारदात से पहले रीवा से आए बदमाश को जहां-जहां ले गए, वारदात के दौरान प्रोबीर और धीरज दोनों कार में कहां रुके समेत वारदात के बाद दोनों आरोपी हमलावरों को अपनी कस्टडी में किस तरह कुम्हारी तक ले गए उन सभी जगहों पर आरोपियों को ले जाया गया उन जगहों को दोनों आरोपियों के माध्यम से मार्क कराया गया सीएसपी ने बताया कि मामले में फिलहाल दो आरोपी फरार चल रहे हैं ।

### दो तस्कर पकड़ाए



**भिलाई, 16 जनवरी।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र में चिट्टा की सप्लाई करने वाले दो तस्करों को पकड़ा आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 9.3 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की, जिसकी बाजार में कीमत 90 हजार रुपए से ज्यादा आंकी गई है जामुल टीआई कपिल पांडेय ने बताया कि नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही है। इस बीच विशेष सूत्रों से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति कुरुद में अटल आवास के सामने खंडहर स्कूल में चिट्टा की पुड़िया बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं इस पर टीम ने मौके पर घेराबंदी करके ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज निवासी सुरेंद्र सिंह और कैलाश नगर निवासी विजेंद्र पासवान को पकड़ लिया आरोपियों की तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 9.3 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ दोनों के खिलाफ धारा 21 (बी), 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### सीमेंट गाड़ी ने युवक को मारी टक्कर

**भिलाई, 16 जनवरी।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र मे जे.के. लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री के मेन गेट पर प्लांट के हो कर्मचारी को सीमेंट गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया। नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि जे.के. लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री के पास ट्रक क्रमांक सी.जी. 07 बीआर 7162 ने दो पहिया वाहन क्रमांक सी.जी. 07 एडब्लू को अपनी चपेट में ले लिया घटना में घायल की पहचान नंदिनी खुंदनी निवासी हिमांशु जांगड़े पिता परीक्षित जांगड़े के रूप में हुई है। घायल युवक को तुरंत शासकीय अस्पताल अहिवारा ले जाया गया जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया इधर घटना के बाद पीड़ित परिवार अस्पताल पहुंचकर आगे की कार्यवाही कर रही है मामले में नंदिनी थाने पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मर्ग कायम कर जांच कर रही है।



### हत्या का फरार आरोपी बंदी



**भिलाई, 16 जनवरी।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को घड़ी चौक से गिरफ्तार किया है तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 2 नवंबर 2024 को लक्ष्मी मार्केट के पीछे कचरा मैदान सुपेला में धीरज महानंद उर्फ टकला को चाकू मारकर हत्या की गई थी। इसमें दो युवक एवं एक अपचारी बालक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है एक आरोपी संदीप महानंद घटना के बाद से फरार था बुधवार को सुपेला पुलिस ने घड़ी चौक पर घेराबंदी कर पकड़ा ।

### बैंकर्स की बैठक में एनआरएलएम के अंतर्गत अधिकाधिक महिला समूहों को लाभान्वित करने पर बल

**जगदलपुर 16 जनवरी ।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर श्री प्रतीक जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जिले के सभी बैंकर्स की बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं शासन की अन्य स्वरोजगार योजनाओं में प्राप्त प्रकरणों पर शीघ्र स्वीकृति देने सहित सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दिशा में बैंकर्स तथा विभागीय अधिकारियों को बैंकों में प्रेषित प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण के लिए समन्वय सुनिश्चित किए जाने कहा गया। बैठक में आजीविका गतिविधियों, एनआरएलएम योजना के विभिन्न पहलुओं जैसे बैंक लिंकेज, उद्यमिता वित्त, एनपीए, ड्यूल ऑथेंटिकेशन, बैंक मित्र, बीमा सखी, बीसी सखी आदि की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही उपरोक्त सभी कार्यों में 15 दिवस के भीतर अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही रबी फसल सीजन के लिए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश बैंकर्स को दिए गए। बैठक के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक केन्द्र खादी एवं ग्रामोद्योग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बीमार बुजुर्ग महिला की हालत देख आयुक्त द्रवित दाई-दीदी क्लीनिक में इलाज करवा घर तक छोड़ा




**भिलाई, 16 जनवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्रेमी बाई कोसानाला क्षेत्र में दर्द से कराहती मिली। उसका स्वास्थ्य खराब देख उनका ह्रदय इस कदर द्रवित हुआ कि वे अपने को रोक न सके और तत्क्षण उसे दाई-दीदी क्लीनिक में ले जाकर जांच करवाई और समुचित ईलाज करवा उसको घर तक छोड़े। आयुक्त के इस इस मानवीय व्यवहार की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक में केवल महिलाओं का इलाज किया जाता है। जो अपने आप में एक मिसाल है। सभी प्रकार के इलाज, 18 प्रकार का निशुल्क जांच एवं निःशुल्क दवा वितरित की जाती है। वहीं जांच करने के लिए सब लोग पैथोलॉजी लैब में जाते हैं हजारों पैसा खर्च होता है, वह शासन द्वारा प्रदाय सुविधा के अनुसार सुगम-सुलभ निःशुल्क होता है। सुबह जांच और शाम तक फोन के माध्यम से जानकारी मिल जाती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दाई-दीदी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करने गए। निर्देश दिए कि दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाने से पहले स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को पहले से सूचना देने के लिए कहें। जिससे सबको पता हो कि हमारे वार्ड में कहां पर दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल क्लिनिक लग रहा है। इससे अधिकतम लोगों को शासन के सुविधा का लाभ मिलेगा। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशांत शर्मा जानकारी भी प्राप्त किए कि दवा बराबर आ रही कि नहीं। उन्होने बताया कि अभी पूरी दवाई मिल रही है हम सबको वितरित कर रहे हैं। कुछ ऐसे वृद्ध पुरुष जो बाकी जगह दवा नहीं ले पाते हैं इमरजेंसी में वह आ जाते हैं तो उन्हें भी उनकी स्थिति देखकर दवा दिया जाता है। क्योंकि बीपी एवं शुगर से संबंधित दवाइयां आवश्यक होती हैं उसे प्रदान किया जाता है। आयुक्त ने सभी को समय पर पहुंचकर लोगों से संपर्क करके अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित करने को कहे।

### घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद 16 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की संयुक्त जांच दल द्वारा बुधवार को विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम अंसुला में पिलानिया स्टोर्स की जांच की गई। जांच में पिलानिया स्टोर्स के संचालक श्री राजकुमार अग्रवाल द्वारा अपने किराना स्टोर में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से भण्डारण किये जाने के कारण द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय व वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन किये जाने के कारण 47 नग घरेलू गैस सिलेंडर, जिसमें से 14.2 किग्रा. का 43 नग भरे हुए एवं 2 नग खाली तथा 5 किग्रा. के 2 नग खाली सिलेंडर की जप्ती की कार्यवाही की गई तथा उक्त घरेलू गैस सिलेंडर को गैस एजेंसी पिथौरा की सुपुर्दगी में दिया गया है।इसी प्रकार एक अन्य जांच में खाद्य एवं आबकारी विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा विकासखंड बसना अंतर्गत अंतरा परिसरार अंसुला नाला, ग्राम पंचायत अंसुला में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों का महुआ शराब बनाने में उपयोग करते हुए पाया गया।

# संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है: पुरुषोत्तम



**भिलाई, 16 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के प्रियदर्शनी परिसर कार्यालय में आगामी संविधान गौरव अभियान को लेकर अहम बैठक आज सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने की। देवांगन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इस उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संपूर्ण देश में 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और संविधान समिति के अध्यक्ष भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर को याद करना है। बैठक में जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह, प्रेम लाल साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षों एवं महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला एवं मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक के अंत में सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल समिति के सदस्यों को आगामी संविधान गौरव दिवस के लिए चलाए जाने वाले अभियान की सामग्री वितरित की गई।

# बीएसपी के सहयोग से आईटीआई भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**भिलाई, 16 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में आईटीआई भवन निर्माण के कार्य में सहयोग प्रदान कर रहा है। 14 जनवरी को मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के मुख्यालय के समीप आईटीआई भवन निर्माण के भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर, मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी श्रीमती तूलिका प्रजापति थीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय उपस्थित थे। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक शिवराजन, महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक मनीष जयसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, वरिष्ठ प्रबंधक दुर्गेश मजगहे सहित सी एस आर विभाग के कर्मचारीगण तथा जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी, आईटीआई के छात्र-छात्राएं एवम समीपस्थ ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

# ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने किया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन



**भिलाई, 16 जनवरी।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में दुर्ग परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह के तहत खुर्सीपार गेट स्थित अपने मुख्य कार्यालय में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था, बल्कि ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों को स्वास्थ्य, यातायात नियमों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी था। इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। ड्राइवरों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर और नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में ड्राइवरों ने भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। नए ड्राइवरों को प्रोत्साहित करने के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक हेलमेट मुफ्त में वितरित किए गए, ताकि दुपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया जा सके। इसके साथ ही, जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल. लकड़ा, परिवहन निरीक्षक विष्णु ठाकुर और सांख्यिकी अधिकारी सुभाष बंजारे ने अपनी उपस्थिति से इसे और भी महत्वपूर्ण बनाया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और ड्राइवरों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों और उनके पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नशे में वाहन न चलाने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, यातायात से संबंधित सभी दस्तावेज सही और अद्यतन रखने, सीट बेल्ट के उपयोग और सड़क पर मानवता और सूझबूझ से वाहन चलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ,संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, गनी खान, सुधीर सिंह, महेंद्र सिंह पप्पू, दिलीप खटवानी, बलजिंदर सिंह ,कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, पंकज सिंह, राहुल जैन, सतेंद्र शर्मा, राजू भसीन, कमलेश्वर सिंह, सुनिल यादव, पंकज शर्मा, विक्रम अग्रवाल, वाजिद अंसारी, रमन, आनंद सिंह, निर्मल सिंह निम्मे, अभिषेक जैन, आनंद सिंह, अनिल सिंह, सोम सिंह, गुरप्रीत सिंह, गोनी सिंह, चिंटू सिंह व अन्य सदस्य एवं पदाधिकारीयों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान वार्ड क्रमाँक 57, शिवाजी नगर की पार्षद श्रीमती मीरा बंजारे भी उपस्थित थी। वार्ड की महिलाओं को भी भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के द्वारा हेलमेट बांटा गया। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन का यह प्रयास सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सभी को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल ने ड्राइवरों और आम जनता को सड़क सुरक्षा की बुनियादी बातों के प्रति न केवल जागरूक किया, बल्कि उन्हें इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित भी किया।

### 268 कन्याओं का विवाह, सांसद विजय बघेल ने सभी को प्रदान किए 35 हजार रुपए के चेक



**भिलाई, 16 जनवरी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में सामूहिक विवाह कराया गया। 268 जोड़ों का विवाह ग्राम कोलियापुरी दुर्ग विवेकानंद सभागार दुर्ग के डॉक्टर खूबचंद बघेल सभागार अटारी पाटन दौलत वाटिका जामगांव एम पाटन सतनाम मंगल भवन के सामने भिलाई तीन रिक्रिएशन क्लब अहिवारा दुर्ग वैशाली नगर खंडेलवाल भवन दुर्ग में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा के मुख्य आतिथ्य में में संपन्न हुआ। 268 कन्याओं को सांसद विजय बघेल के हाथों 35000 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। सांसद ने सभी को आशीर्वाद दिया एवं सभी जोड़ों को मतदान करने एवं बाल विवाह रोकने संकल्प दिलाया और कहा कि विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष पुर्ण होना चाहिए और लड़कों की 21 वर्ष होना चाहिये। गरीबी के अभाव में अपने बच्चों का विवाह कराने में सक्षम नहीं हो पाते और महंगाई के दौर में नहीं करा पाते उन्हें अब घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी भाजपा के पुर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह थे हमारी सरकार ने लाखों गरीब बच्चीयो का विवाह कराया था लेकिन कांग्रेस की सरकार ने रोक लगा दी थी अब विष्णु देव साय की सरकार बनने के बाद से पूर्व की हमारी सरकार की जितनी भी महत्वाकांक्षी योजना रही है उसे फिर से शुरू किया ।जा रहा जिसके तहत इतने भव्य रूप से विवाह हो रहा है।

### ऑटो चालक पिता ने मासूम बेटे से निकलवाई प्रधानमंत्री आवास के लिए लॉटरी



**रिसाली,16 जनवरी।** किसी भी तरह की समस्या हो तो निगम के अधिकारी से मिले। समस्या का समाधान या अनदेखी करने पर नागरिक सीधे मुझसे संपर्क करें। उक्त बातें उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व दुर्ग ग्रामिण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। रिसाली निगम के सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री आवास आवंटन कार्यक्रम के वे मुख्य अतिथि थे। उनकी मौजूदगी में ही रूआबांधा निवासी रामबाबू साहू ने प्रदिप्ती नगर स्थित आवास के लिए 2 वर्ष के बेटे से लॉटरी निकलवाया। उसे बी ब्लॉक सेकंड फ्लोर में 18 नं. का आवास मिला। लॉटरी से आवास आवंटन के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री आवास को पहले पायदान पर रखा गया है। विधायक ललित ने कहा कि मोदी जी की पहल पर 70 प्लस वालों को 5 लाख का मुफ्त इलाज सुविधा मिल रहा है। कार्यक्रम को महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्र प्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ.सीमा साहू, परमेश्वर, पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि निगम क्षेत्र में कुल 529 आवास है। इसमें से लक्ष्मी नगर में 36 और प्रदिप्ती नगर में 348 आवास है। अब तक क्रमशः 20 और 73 आवास का आवंटन किया जा चुका है। परमिला ठाकुर, गीता राघवन, पुष्पेन्द्र कुमार देशलहरा, ममता सिंह, संतोष कुमार क्षत्रिय, प्रतिभा गौतम, अनिल कुमार साहू, दिनेश साहू, लता नागवंशी, नीलम तिवारी, धनेश्वर, रामबाबू साहू, जितेन्द्र कुमार देवांगन, हरीश कुमार देशलहरा, सुखदेव मारकंडे, रासमती यादव, सीमा देशमुख, दिपेश कोरे, सुनील रूहेला, हरजीत कौर, प्रदीप चतुर्वेदी, बृजदीप तिवारी चित्रेरेखा डहरे।



### अब सड़क किनारे पसरा लगाने से मिली मुक्ति

**रिसाली,16 जनवरी।** सड़क किनारे पसरा लगाकर सामान बेचने से फुटकर व्यापारियों को छुटकारा मिल गया। नगर पालिक निगम रिसाली ने मौहारी मरोदा में बने (पौनी पसारी) चबूतरा का आवंटन किया। आवंटन लेटर निकालकर किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर विशेष रूप से उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि डबल इंजन वाली सरकार किसान से लेकर फुटकर व्यापारी तक के जीवन यापन के लिए सोचती है। यही वजह है कि आज फुटकर व्यापारियों को सम्मान के साथ व्यापार करने चबूतरा दिया जा रहा है। मौहारी मरोदा में चबूतरा आवंटन के लिए हितग्राहियों ने अतिथियों की उपस्थिति में लॉटरी निकालकर चबुतरा अपने नाम किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ.सीमा साहू, परमेश्वर, पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे। वर्तमान में फाटक के किनारे सड़क पर लोग पसरा लगाकर व्यापार करते थे। यही वजह है कि कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जाम और दुर्घटना से बचने आयुक्त मोनिका वर्मा ने सर्वे पश्चात फुटकर व्यापारियों से आवेदन मांगे थे। चबूतरा आवंटन के बाद आजीविका मिशन ने फुटकर व्यापारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया।

# रौनियार वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह



**भिलाई, 16 जनवरी।** रौनियार वैश्य समाज का नववर्ष मिलन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रौनियार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एक समाज की सफलता एकजुट रहने में है। बिखरे समाज की कोई वैल्यू नहीं होती। कार्यक्रम के दौन समाज के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा रमेश गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता, रीना गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया गया । मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रदेश महामंत्री बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, प्रदेश महामंत्री मनोहर गुप्ता, रायपुर से अशोक कुमार वैश्य, राजकुमार प्रसाद एवं दुर्ग भिलाई अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन वीरेंद्र गुप्ता एवं प्रमिला गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन जगशिवा महामंत्री द्वारा किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा कि एकजुट रहेंगे तो कोई आपका कुछ बिगाड़ नहीं सकता। एक अकेले को कोई भी नुकसान पहुंचा सकता है लेकिन साथ मिलकर चलोगे तो आपकी ताकत बढ़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज एक आदर्श है क्योंकि हम सालों से संगठित है। अशोक गुप्ता ने भिलाई में समाज के भवन निर्माण के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। पेपर ग्लास गेम में प्रथम पुरस्कार प्रीतम गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार राधे गुप्ता, तृतीय पुरस्कार हिमांशु गुप्ता को मिला। कुर्सी दौड़ में प्रथम पुरस्कार सूरज गुप्ता, द्वितीय खुशबू गुप्ता व तृतीय खुशी गुप्ता को मिला। पुश अप गेम में प्रथम पुरस्कार विराट गुप्ता, द्वितीय राधे गुप्ता व तृतीय रोशनी गुप्ता को मिला। महिलाओं के लिए चूड़ी खेल स्पर्धा हुई। इसमें प्रथम पुरस्कार पूजा देवी, द्वितीय पुरस्कार सलोनी देवी और तृतीय रेशमा देवी को मिला।

**एक नजर**

### T-10 इंडो नेपाल कप में विजयी खिलाड़ी सम्मानित

**डोंगरगढ़,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** विकासखंड के ग्राम अछोली में कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि लोकप्रिय विधायिका श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल के उपस्थिति में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंडो नेपाल T-10 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन नेपाल में हुआ जिसमें इंडिया टीम की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विनर कप हासिल करने वाले ग्राम अछोली के होनहार खिलाड़ी रोशन रॉय पिता श्री संजय राय वा देवयांस साहू पिता श्री प्रमोद साहू को विधायिका बघेल द्वारा विनर शील्ड प्रदाय करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। कार्यक्रम में जिला संयुक्त महामंत्री चुमन दास साहू,महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति लता साहू,योधन साहू,फिरंगी पटेल,गुरु साहू,जगदेव साहू,धनुष वर्मा, अमरू साहू, अरेन साहू,गणपत साहू,रघुवीर साहू, टुमेश नेताम,संजय साहू,कोमल साहू आदि उपस्थित रहे।

### 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार

**डोंगरगढ़,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि टाऊन भ्रमण पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मोहारा ब्लू डायमण्ड के पास अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर, लहराते हुए आम जनता एवं आने जाने वाले राहगीरो का डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। कि सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचकर एक




व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा गया। जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम सचिन दास पिता कमलेश दास मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी ब्राम्हणपारा राजनांदगांव का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स के तहत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। श्री मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, के मार्गदर्शन पर श्री राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं श्री पुष्पेन्द्र नायक , नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शहर में असमाजिक तत्वों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। तत् संबंध में आरोपी सचिन दास पिता कमलेश दास मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी ब्राम्हणपारा राजनांदगांव को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायायल से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी अपराध क्रमांक 481 /21 धारा 294,506 ,323 के संबंध में अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर, सउनि जीवराज रावटे एवं आरक्षक कृष्णा ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 17 जनवरी को छिपा बगीचा नदिया पार में सकट मेला

**डोंगरगढ़ ,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** सकट मेला को लेकर तैयारी शुरू हो गई है, 17 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को छिपा बगीचा नदिया पार मुसरा में यह आयोजन भव्य रूप में किया जायेगा. लोधी समाज छिपा बगीचा में लोधेश्वर भगवान का मदिर स्थित है, इस मंदिर में भक्तों द्वारा पहुंचकर पूजा अर्चना करते रहते है, स्थित मंदिर के पास में ही अपने पर्व के रूप में सकट मेला का आयोजन कर धूमधाम से मनाया जाता है, इस आयोजन में लोधेश्वर भगवान की पूजा अर्चना करने बड़ी संख्य में समाज के लोग आस पास के क्षेत्र के अलावा प्रदेश स्तर से पहुंचते है, सर्किल लोधी समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष ओंकार लिल्हारे ने बताया कि सकट मेला के दिन सुबह 08 बजे लोधेश्वर भगवान की पूजा एवं अभिषेक होगा, नव निहाल भजन आर्केस्ट्रा मारुटोला खुर्द खेरागढ़ गायक व्याख्याकार इंद्राणी वर्मा द्वारा 12 बजे से 4 बजे तक शाम 5 बजे नानी नातिन कृत सुर सुरभि पंडवानी मंडली ग्राम मंडेली घुरा ग्राम गरियाबंद वालों का होगा.कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल खेरागढ़ विधायक यशोदा जंघेल, कमलेश्वर वर्मा कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी मूलचंद लोधी जिलाध्यक्ष उत्तम वर्मा महासचिव नंदकुमार जंघेल भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा कोमल जंघेल सहित अन्य लोग बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित होगे. इस अवसर पर सकट मेला में अधिक से अधिक संख्य में पहुंचने की अपील ओंकार लिल्हारे द्वारा की गई है।

# नये भारत में युवाओं के लिए धरती से लेकर आकाश तक कामयाबी के हैं असीमित अवसर : जगदीप धनखड़

**रायपुर, 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के 11 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब युवा नये भारत के राजदूत हैं। देश को आपको अपना शत-प्रतिशत देना होगा। कोई भी व्यक्तिगत हित राष्ट्र हित से बढ़कर नहीं है। युवाओं को अपने चारों ओर देखना होगा, सिर्फ सरकारी नौकरियों ही जीवन का लक्ष्य न हो। युवाओं के पास अब नये भारत में धरती से लेकर आकाश तक असीमित अवसर हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास एकता और समानता के प्रतीक थे। हमें उनकी शिक्षाओं और संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को बदलते तकनीक से तालमेल बैठते हुए कौशल एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी असफलता से घबराएं नहीं बल्कि उससे सीख लेते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने समारोह में सत्र 2022-23 के 78 एवं सत्र 2023-24 के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 77 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, 09 दानदाता पदक, 01 गुरू घासीदास पदक तथा 01 कुलाधिपति पदक सहित 85 पदक प्रदान किये गये। इसके साथ ही सत्र 2022-23 एवं सत्र 2023-24 के कुल 122 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़



ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज बाहुल्य राज्य है। यहां समृद्धि की काफी संभावनाएं हैं, इसलिए विकास की ऐसी रणनीति बनाएं जिससे सामूहिक समृद्धि बढ़े और जन-जन का विकास संभव हो। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में नक्सली उन्मूलन की दिशा में काफी अच्छे प्रयास हुए हैं और इन क्षेत्रों में विकास की रफ्तार भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व विकास वाले राज्य में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इस समय जो विकास हो रहा है, वह समाज के हाशिये पर पड़े वर्गों, समाज के कमजोर तबके पर केन्द्रित है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी जन हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों से राज्य के समग्र विकास को एक नई दिशा दी है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, एक ऐसी संस्था है जिसने लगातार छत्तीसगढ़ में शिक्षा और ज्ञान के मार्ग को रोशन किया है। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्ण पदक और पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वालों के वर्षों के समर्पण, लगन और कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विविधता का सम्मान करें और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखें। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा भारत विश्व गुरु के रूप में विख्यात रहा है, इसके पीछे नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान-विज्ञान से समृद्ध विश्वविद्यालय रहे हैं। छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति की प्रदेश ही नहीं देश के नवनिर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र-छात्राओं के लिए केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जो आत्ममंथन, बदलाव और प्रेरणा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का इकलौता केन्द्रीय विश्वविद्यालय महान संत बाबा गुरु घासीदास जी के नाम पर स्थापित है, जो ज्ञान, समावेशिता और हमारे सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अपनी स्थापना के समय के ही इस विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ की बौद्धिक प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## महिलाओं को कार्यस्थल पर लैगिंक प्रताड़ना, रोकथाम एवं प्रतिषेध निवारण अधिनियम की दी जानकारी

**डोंगरगढ़ , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

स्थनीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में पीएम उषा योजना के अंतर्गत महिलाओं के विधित अधिकार पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस 14 जनवरी को कार्यस्थल पर महिलाओं के लैगिंक प्रताड़ना, रोकथाम एवं प्रतिषेध निवारण अधिनियम 2013 पर जानकारी देने हेतु जिला व सत्र न्यायालय राजनांदगांव के अधिवक्ता नितिन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था प्रमुख डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती एवं आमंत्रित अतिथि द्वारा मा सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अधिवक्ता नितिन साहू ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैगिंक उत्पीडन एवं रोकथाम विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति एवं




समाज में महिलाओ का सम्मान सर्वोपरी माना गया है। आज महिलाएं अपनी योग्यता परिश्रम के बल पर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है। यदि किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैगिक उत्पीड़न, प्रताड़ना आदि घटनाएं घटित होती है तो भारतीय न्याय संहिता में कडे दण्ड का प्रावधान है। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं की अस्मिता, सम्मान को संरक्षित किया गया है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने अपने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित सभी छात्राओं से कार्यशाला में दी जाने वाली जानकारी को भली भांति समझे तथा सदैव अपने कर्तव्यों पर ध्यान दें। पीएम उषा योजना के संयोजक डॉ.आर.आर. कोचे ने कार्यशाला में उपस्थित मुख्य वक्ता अधिवक्ता श्री साहू का का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यषाला का कुषल संचालन श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी ने किया। कार्यशाला से कुल 70 छात्र-छात्राएं लाभांवित हुई।

## वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर राजस्व वसूली हेतु अभियान

**राजनांदगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

इस वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली हेतु नगर निगम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बकाया राजस्व वसूली के लिये वार्ड प्रभारियों के साथ-साथ पूरी राजस्व टीम को वार्डवार शिविर के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं। शिविर में करदाता अपने मोबाईल से क्यू.आर. कोड के माध्यम से करों का भुगतान कर सकते है। राजस्व शिविर के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त श्री मोबिन अली रहेंगे। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में नगर निगम की राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु 23 वार्डो में प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक 16 जनवरी से 19 जनवरी तक प्रतिदिन वार्डों में चलाये जाने वाले इस अभियान के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व वसूली का दायित्व सौपा गया है। उन्होनें बताया कि शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु वार्डो में शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर में सम्पत्तिकर के साथ साथ जलकर, समेकितकर,दुकान किराया/ लायसेन्स/ गुमटी एवं अन्य बकाया की वसूली की जावेंगी। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर दिनांक 16 जनवरी से 19 जनवरी तक वार्ड नं. 1 व वार्ड नं. 2 के लिये कर्मा भवन बजरंगपुर नवागांव में, वार्ड नं. 9 व 10 के लिये शंकरपुर प्राथमिक शाला में, वार्ड नं. 12 व 13 के लिये सामुदायिक भवन गौरी नगर में, वार्ड नं. 16,17,18 व 19 के लिये केनरा बैक के सामने ममता नगर में, वार्ड नं. 20 के लिये प्राथमिक शाला पेण्ड्री में, वार्ड नं. 24,25 एवं 26 के लिये पुत्रीशाला में, वार्ड नं. 31,32,33,35 व 36 के लिये लखोली स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला में तथा वार्ड नं. 40,41,47 व 48 के लिये इंदिरा नगर पानी टंकी में प्रातः 10:00 से 4:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।

## रेत माफिया सक्रिय,रात के अंधेरे में चल रहा खेल

**अधिकारी व्यस्तता की दुहाई दे रहे**

**डोंगरगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर मे फिर एक बार अवैध रेत माफिया ने जोर पकड़ लिया है। नदियों मे पानी कम होने के बाद रेत माफिया दिन रात रेत दोहन मे लगे हुए है मिली जानकारी अनुसार नगर से कोहका रोड पर कोहका ढाबा जो की करियाटोला से लगा हुआ है जहा से करीब 15 दिनों से दिन रात लगभग 5-6 गाड़ियों से रेत निकासी की जा रही है और उसे अलग अलग जगहों पर डंप किया जा रहा है साथ ही ऊंचे दामों पर बिक्री का काम भी जोरो पर है इसके साथ ही सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है की रेत परिवहन मे कुछ राजनितिक दल से जुड़े हुए लोग भी है जो स्वयं खड़े होकर इन कामो को अंजाम दिलवा रहे है। मगर शासन प्रशासन है की मुक दर्शक बनी हुई है।जबकि रेत माफियाओ द्वारा दिन रात 5-6 गाड़ियों द्वारा रेत निकासी की जा रही है।संवाददाता द्वारा जगह जगह डंप रेत की जानकारी ली गयी जिसे देख कर साफ तौर पर जाहिर है की लगभग 100 गाडी के आसपास रेत डंप रहा होगा डंप रेत की जानकारी तहसीलदार सर को भी दी गयी मगर खबर दिए जाने के 5-6 दिन बाद भी रेत माफियाओ के ऊपर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गयी है जो की या तो राजनितिक दबाव या लेन देन की ओर इशारा कर रही है ?



## स्वच्छ भारत मिशन 2.0 : बाजार, उद्यान एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में बनेगा अत्याधुनिक शौचालय

**राजनांदगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत भारत सरकार के निर्देश पर गत माह स्वच्छ शौचालय अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य शहर के सभी शौचालयों का मरम्मत कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। जिसके तहत निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के 73 शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किये जाने आवश्यक कार्यवाही की गयी। सुचारू संचालन के लिये उन्होंने शौचालय के संचालकों को व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश भी दिये है। इसके अलावा शहर के तीन स्थानों पर अत्याधुनिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करनें के अलावा शहर के सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत किया जाना है, मरम्मत करने 73 शौचालयों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। शासन द्वारा 5 करोड की राशि स्वीकृति दी गयी, जिसकी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी



है और जल्द ही शौचालयों का मरम्मत शुरू किया जायेगा। मरम्मत के तहत शौचालयों में सीटीपीटी व यूरीनल पर पर्याप्त जल व्यवस्था, विद्युत व सीवर लाईन का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा दरवाजा, खिडकी आदि दुरूस्त किया जायेगा। स्वच्छता की कडी में शहर के तीन प्रमुख स्थान में अत्याधुनिक शौचालय का निर्माण प्रगति पर है। निर्माण के संबंध में आयुक्त ने बताया कि शहर के प्रमुख उद्यान पुष्पवाटिका में मनोरंजन के लिये आने वाले नागरिकों की सुविधा में विस्तार करते हुये आकांक्षीय शौचालय 2.0 अंतर्गत 20 लाख रूपये की लागत से 10 सीटर 5 महिला व 5 पुरूष अत्याधुनिक शौचालय तथा पेन्ड्री मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजो व उनके परिजनों के लिये 17 लाख रूपये की लागत से 6 सीटर 3 महिला व 3 पुरूष अत्याधुनिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा हैं। इसी प्रकार गोल बाजार में सब्जी विक्रताओं व क्रेताओं की सुविधा के लिये अधोसंरचना मद अंतर्गत 30 लाख रूपये की लागत से 10 सीटर 5 महिला व 5 पुरूष हाईटेक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। उन्होने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन की मंशानुरूप नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ रखने कार्य किया जा रहा है।

## नगर निगम चुनाव में भाजपा का झंडा फहराने अल्पसंख्यक मोर्चा की बड़ी तैयारी

**मो. इरफान शेख व हैंरी जोसेफ के नेतृत्व में बैठकों का दौर, बना रहे रणनीति**

**राजनांदगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर निगम में 5 साल तक कांग्रेस की सत्ता के दौरान राजनांदगांव के विकास में ग्रहण लग जाने की बात शहर नागरिकों के सामने रखते हुए जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा निगम में सत्ता एक बार फिर लौटाने कमर कस चुकी है। मोर्चा की रणनीति के तहत बैठकों का दौर लगातार जारी है साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. इरफान शेख और उपाध्यक्ष हैंरी जोसेफ के नेतृत्व में प्रत्येक कार्यकर्ता को रिचार्ज किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि बीते विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जीताने के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा की रणनीति अच्छा काम आई थी। चुकी नगरी निकाय चुनाव में राजनीतिक दाव पेज थोड़ा करना रहता है इसलिए तैयारी उसी हिसाब



से की जा रही है पार्षद और महापौर का प्रत्याशी पार्टी जिसे भी तय करें उसे हर हाल में जितने भीड़ जाना है। नगरी निकाय चुनाव में पार्टी जिसे भी टिकट देगी कार्यकर्ता मिलजुल कर उन्हें भारी बहुमत से जीताने के लिए तैयार रहे और निगम में भाजपा की सत्ता लाने पूरी ताकत झोंक दे। महापौर का चुनाव इस बार मतदाता सीधे तौर से करेंगे पिछले बार यह डेलीगेट पद्धति हुआ था। महापौर के लिए जो भी प्रत्याशी भाजपा आला कमान टिकट देगी। उन्हें भारी बहुमत से जीताने के लिए भी तैयार रहे साथ ही नगर निगम और राज्य में कांग्रेस की सत्ता का असफलता के बारे में ज्यादा से ज्यादा जनता को बताएं। पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित राजनांदगांव नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता थी। जिन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ और राजनांदगांव शहर के विकास को पूरी तरह रोक दिया था। क्योंकि अब भाजपा डबल इंजन की सरकार से लोग खुश हैं। सामने नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए अधिक से अधिक पार्षद और नगर निगम राजनांदगांव में महापौर भाजपा का ही बनाना है जिसको लेकर जनता के बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं।

## भाजपा बिकवा रही गली-गली शराब माहौल इसीलिए खराब : भागवत साहू

**राजनंदगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने दारू को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार बयान दिया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस 5 साल के शासन काल में भाजपा विपक्ष में थी तब प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी के लिए कांग्रेस की घोषणा पर दबाव डाला करती थी अब वही भाजपा सत्ता में आने के बाद पैसों के लालच में इतनी गिर गई है कि खुद के भी कायदे कानून को भुलाकर नई-नई शराब दुकान खुलवा रही है।



बिचौलियों के माध्यम से गली गली अवैध शराब शराब बिकवा रही है। इससे सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है और अपराध बढ़ रहे हैं इसके लिए सिर्फ और सिर्फ भाजपा और उसकी सरकार जिम्मेदार है।

श्री साहू ने आगे कहा कि नेशनल हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग के अंबेडकर चौक में सत्यम मेडिकल स्टोर्स के बाजू में विदेशी मदिरा दुकान खोलें लगभग 15 दिन ही हो रहे हैं। जो कि कलेक्टर ऑफिस से महज 200 मीटर दूर है। इस व्यवस्थापन चौराहे पर वह भी मुंबई कोलकाता रोड में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाई ओवर के सर्विस रोड से लगकर खोली गई है। खुद सरकार का नियम कहता है कि किसी भी हाईवे से 500 मीटर दूर शराब भट्ठी होनी चाहिए कोई भी शराब भट्ठी खुलता है तो आधा किलोमीटर दूर होनी चाहिए। नेशनल हाईवे पर शराब भट्ठी खोलकर सरकार अपने ही नियम का पालन नहीं करके अपने नियम के धज्जियां उड़ा रहे हैं। और कहीं पर आम आदमी शराब पीते पकड़े गए तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है। सरकार के सरकारी शराब दुकान से कोई भी व्यक्ति दो-चार बोतल शराब लेकर आए तो उन्हें अवैध शराब के मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है और खुद सरकार अपने ही नियम बना कर नियम का पालन नहीं करें तो इसे क्या कहा जाए। करोड़ों रुपए कमाई के चक्कर में सरकार अपने ही आंखों पर पट्टी बांधकर काम करें.

## बहुसंख्यक आबादी के साथ अन्याय कर रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

**राजनांदगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में राज्य सरकार द्वारा लागू की गयी नयी आरक्षण व्यवस्था के तहत वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए हुए आरक्षण में एक भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नही है, जबकि प्रदेश की आधी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग का है। इस बहुसंख्यक आबादी के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार अन्याय कर रही है। आरक्षण प्रावधानों में किये गये दुर्भावनापूर्वक संशोधन के चलते त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में ओ.बी.सी. आरक्षण खत्म हो गया है। जिसको लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आरक्षण प्रावधानों में किये गये दुर्भावनापूर्वक संशोधन के चलते त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में ओ.बी.सी. आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ हो रहे घोर अन्याय को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में व राजनांदगांव के पर्यवेक्षक शैलेश नितिन त्रिवेदी की विशेष उपस्थित में 15 जनवरी बुधवार को जयस्तंभ चौक पर धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर लताड़ लगाई।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण हमेशा होता




आया है कानून वहीं फिर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कैसे खत्म कर दिया ये विष्णुदेव सरकार से कांग्रेस का सवाल है। भाजपा कहती है सामान्य सीट की आधी सीट को पिछड़ा वर्ग कर देंगे ये कैसे संभव है। पिछड़ा वर्ग का अधिकार है उनका स्वाभिमान है आरक्षण, तो इसे कैसे छीना जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का अभिनंदन करता हूं कि जो आज पिछड़ा वर्ग के सम्मान व उनके हित में आवाज उठाने के लिए खड़े हो गये है। कांग्रेस का सवाल है कि जब पिछड़ा वर्ग का आरक्षण का अधिकार है तो क्यों उनसे छीना जा रहा है, उत्तर दे विष्णुदेव सरकार।

धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जितेन्द्र मुदलियार, हेमा देशमुख, विभा साहू, कमलजीत सिंह पिन्टू, नरेश डाकलिया, पदम कोठारी, श्रीकिशन खंडेलवाल, चुम्मन साहू, राजकुमारी सिन्हा, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, महेन्द्र यादव, शारदा तिवारी, अशोक पंजवानी, मन्ना यादव, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, पंकज बांधव, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, ओमप्रकाश साहू, अब्दुल कलाम, उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, सविता ठाकुर, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, अजय मारकंडे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, मोहनी सिन्हा, रूबीना अल्वी, योगेन्द्र प्रताप सिंह, जयनारायण सिंह, इकरामुद्दीन सोलंकी, अशोक फडनवीस, मामराज अग्रवाल, अतुल शर्मा, हफीज वारसी, जितेन्द्र शर्मा, अनीस खान, सूरज शर्मा, विनोद गेन्डे, आशीष सोनकर, डा.राकेश कुमार, सतीश मसीह, पूर्णिमा नागदेवे, अरविंद वर्मा, भागचंद साहू, अमिन हुद्दा, मधुकर वंजारी, सुरेन्द्र देवांगन, अवधेश प्रजापति, प्रतिमा बंजारे, रितेश सिन्हा, गोपीचंद गायकवाड़, सुनिता सिन्हा, ललिता साहू, चंद्रिका साहू, अंजली घावड़े, नासिर खा, दुर्गा देवांगन, सीमा चौरसिया, किर्ती साहू, लखु रूचंदानी, फरमान अली, नितीन बत्रा, तामेश्वर बंजारे, अंजू बंजारे, विनोद यादव, देवकी यादव, सचिन टूरहाटे, मजहर, विपिन यादव, भोजराम साहू, अशोक मारकंडे, विष्णु सिन्हा, भोला यादव, अब्बास खान, चेतन सिन्हा, हीरा सोनी, योगेन्द्र वैष्णव, हेमदत्त वर्मा, भूपेन्द्र खोब्रागढ़े, राहुल देवांगन, अमित जंघेल, शिवम गढ़पायले, राजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

संपादकीय

# फोटो की राजनीति से साबित तो कुछ नहीं होता

सोशल मीडिया के दौर में हाथ में स्मार्ट फोन है तो बहुत सारे लोग नेताओं,खिलाडियों, बड़े व नामी लोगों के साथ सेल्फी लेना आम बात हो गई है। एक सेल्फी के लिए कोई मना भी नहीं करता है। कहीं कोई आयोजन होता है तो हर कोई अपने फोन से फोटो खींच लेता है, कोई किसी के बगल में आकर खड़ा हो गया है और किसी ने उसकी फोटो खींच ली है तो पता ही नहीं चलता है नेता को उसकी फोटो किसी के साथ खींच ली गई है। यानी किसी के साथ किसी की फोटो देखकर यह पता नहीं लगाया जा सकता है कि फोटो चुपके से खींची गई है या स्वेच्छा से खिचवाई गई है।

नेता लोग तो आए दिन कार्यक्रमों में जाते रहते हैं, उनकी फोटी खींची जाती रहती है। हर फोटो में उनके साथ कई लोग आगे पीछे खड़े होते हैं।इस आधार पर यह तो नहीं कहा जा सकता कि फोटो में जितने लोग हैं उनको नेता जानते हैं या उनके साथ उनका कोई रिश्ता है। फोटो खींच गई है और फोटो में मोजूद किसी व्यक्ति ने कोई अपराध किया है,घोटाला किया है, भ्रष्टाचार किया है, किसी की हत्या कर दी या किसी की हत्या करवा दी है तो जिसके साथ फोटो है, उसकी परेशानी बढ़ जाती है। राजनीति के लिए उसकी फोटो मीडिया या सोशल मीडिया में जारी कर कहा जाता है नेता बताए उसके साथ रिश्ता क्या है,यह रिश्ता क्या कहलाता है। मान लो वह कभी किसी दल का सदस्य या पदाधिकारी रहा है तो पूरी पार्टी से सवाल पूछा जाता है,कहा जाने लगता है कि पार्टी ने अपराध करने वाले को कैसे पदाधिकारी बना दिया। अपराधी,भ्रष्टाचार करने वाले के तार एक ही पार्टी से क्यों जुड़े रहते हैं।राजनीतिक दल फोटो की राजनीति इन दिनों खूब करने लगे हैं जिसको कोई फोटो मिल जाती है या कोई दे देता है तो बवाल शुरू हो जाता है,सवाल पूछे जाने लगते हैं। फोटो से साबित तो कुछ नहीं होता है, उसका उपयोग किया जाता है नेता व राजनीतिक दल के लोगों के प्रति शक पैदा करने के लिए। फोटो में अपराधी नेता के साथ है तो जरूर नेता से उसका कोई संबंध होगा।भ्रष्टाचार या घोटाले में नेता की कोई भूमिका होगी।कई बार किसी भी वक्त की फोटो को एक खास घटना से जोड़कर किसी नेता के प्रति प्रचार शुरू कर दिया जाता है। बाद में पता चलता है कि फोटो को जिस घटना के वक्त का बताया जा रहा है,उस वक्त की यह फोटो तो नहीं है, यह फोटो तो किसी दूसरी कार्यक्रम की है। ऐसा ही हुआ है पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ।उन्होंने फ्लोरा मैक्स कंपनी के मामले में एक फोटो मीडिया को जारी की और दावा किया की फ्लोरा मैक्स कंपनी का उद्घाटन मंत्री लखनलाल देवांगन कर रहे हैं।इस पर लखनलाल देवांगन ने बयान जारी किया है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जो फोटो जारी की है वह तो उत्कर्ष स्माल बैंक के उदघाटन की है।सच तो यह है कि कांग्रेस राज में ही यह कंपनी कोरबा सहित अन्य जिलों में पहुंची,कांग्रेस की शह पर ही कंपनी ने राज्य की हजारों महिलाओं को ठगा,भाजपा सरकार तो इस मामले में कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेज रही है। भूपेश बघेल की फोटो के जवाब में मंत्री लखन लाल देवांगन ने एक फोटो जारी की और कहा कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पत्नी रेणु अग्रवाल कुछ महिलाओं के साथ खड़ी हैं,मंत्री का दावा है कि यह फोटो फ्लोरा मैक्स के आफिस के उद्घाटन के वक्त की है। इस पर कांग्रेस की त?फ से सफाई दी गई है कि रेणु एक माल में स्वसहायता समूह कार्यक्रम में शामिल होने गई थी,यह फोटो तब की है। दोनों तरफ से फोटो जारी की गई और दोनों तरफ से सफाई भी दे दी गई कि जो फोटो जारी की गई है जो कहा गया है, वह सच नहीं है। दोनों तरफ की फोटो से साबित तो कुछ नहीं हुआ लेकिन लोगों के दिमाग में शक पैदा करने की कोशिश की गई कि इनका हजारों महिलाओं से ठगी करने वाली कंपनी से कोई रिश्ता है या हो सकता है। लेकिन जनता के पास आंख है वह देखती है, जानती है कि किसके समय में इतनी बड़ी ठगी हजारों गरीब महिलाओं से हुई है और ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किसके समय हो रही है। कोई चिटफंड कंपनी या ज्यादा पैसा का लालच देने वाली कंपनी के झांसे में आकर लोग ठगे जाते है तो उनका पैसा वापस करना आसान नहीं होता है, सब मांग करते हैं लेकिन इसमें कानूनी प्रक्रिया के चलते बहुत समय लगता है। किसी भी सरकार के लिए यह आसान नहीं होता है। साय सरकार ने इस मामले में कार्रवाई कर रही है तो वह लोगों का पैसा भी कंपनी की संपत्ति बेचकर जितनी जल्द लौटाना संभव हो सकेगा प्रयास जरूर करेगी, ऐसी उम्मीद ठगे गए लोगों को करनी चाहिए। धरना प्रदर्शन व मंत्रियों के घेराव से पैसा तो वापस होने वाला नहीं है।

माफीनामा

निर्मल रानी

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश



ललित गर्ग

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।

यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है। मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुमार्ना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की



कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया था।

मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे गलत जानकारी करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुमार्ना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने। माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार- संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है। भारत के कतिपय राजनीतिक दल इसके लिये ऐसे मंचों को प्रोत्साहन भी देते हैं लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद भारत को मजबूती से इनके खिलाफ खड़े होकर उनको उनकी जमीन दिखाना ही चाहिए। ऐसी सख्ती ही भारत की छवि को मजबूती प्रदान करेंगी एवं तभी दुबारा ऐसा दुस्साहस करने की कोई चेष्टा नहीं करेगा।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल हो सकती है। आप कामों को लेकर आयात-निर्यात कर सकते हैं। संतान को परीक्षा में अच्छी सफलता हासिल होगी। आपके पारिवारिक मामले आपको परेशान करेंगे। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप शौक और मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। आपको भाइयों की कोई बात बुरी लग सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि देरी हो रही थी, तो उसके लिए आप अपने किसी परिजन की मदद से दूर होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको किसी कानूनी मामले में सफलता मिलेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लें। आप अपने कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। आपको खानपान में संतुलित भोजन लेना होगा। आपको अपने किसी परिजन की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपको अपने बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप सोच समझकर करनी होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके बिजनेस में रुका हुआ काम आपको मिल सकता है। पारिवारिक मामलों को आप घर से बाहर न जाने दें। आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। आपके बॉस आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के काम बनेंगे। जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आप नौकरी के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको प्रमोशन जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको एक साथ कोई काम हाथ लगने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने खर्चों को जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छा मुनाफा मिलेगा। आपको आपकी किसी गलतफहमी से दूर रहना होगा। विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों को किसी डील को सोच समझकर फाइनल करना होगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है। आपको किसी काम को लेकर बेवजह टेंशन हो सकती है।

तुला- आज का दिन आपकी इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको काम के सिलसिले में किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको समस्या देंगे। यदि आपको कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से मिलने जा सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लग सकता है। आपको अपनी बात लोगों के सामने स्पष्ट रखनी होगी। आपको कोई शारीरिक समस्या परेशान करेगी। आप अपने बिजनेस को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी समस्या के कारण आपका मन परेशान रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी जरूरी मामले को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। जीवनसाथी के साथ आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको आपका डूबा हुआ धन मिलने से खुशी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके विरोधी परेशान करने की कोशिश करेंगे। कोई फैसला के लिए आपको पछतावा हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य को नई नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं। आप खानपान में अच्छे भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन आपने बिजनेस में यदि कोई जोखिम लिया, तो उससे आपको बाद में कोई नुकसान हो सकता है। काम का बोझ आपके ऊपर अधिक रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपको अपनी मेहनत और लगन से काम करने की आवश्यकता है। आप अपने कामों में कोई बदलाव बहुत ही सोच विचारकर करें। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी। आप अपनी किसी समस्या को अपने पिताजी की मदद से सुलझाना बेहतर रहेगा। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। किसी से किए हुए वादे को आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें।

मीन- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको समाज में अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा, लेकिन आपकी तरक्की देखकर आपके विरोधी भी बढ़ सकते हैं। किसी नई नौकरी का आपको कोई ऑफर आ सकता है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है।

# पुष्पाः बागी बनने का आसान फार्मूला

सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त




पुष्पाः द राइज, एक ऐसी फिल्म जो न केवल भारतीय सिनेमा में एक नया ट्रेंड सेट कर चुकी है, बल्कि हमारे कॉलेज के छात्रों की सोच और उनके व्यवहार पर भी गहरा असर डाल रही है। इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई है, बल्कि युवाओं के बीच बागी बनने का एक नया फैशन भी शुरू कर दिया है। चलिए, इस फिल्म के प्रभाव पर एक मजेदार व्यंग्य करते हैं। कॉलेज के पहले दिन ही, छात्रों की फजीहत शुरू हो गई थी। नई सेमेस्टर की शुरूआत में, सभी छात्र एक दूसरे से मिलते हुए अपने बागी अंदाज में घुस आए। उस दिन क्लास में राजू, जो हमेशा लेट आता था, ने फिल्म के एक्शन सीन की नकल करते हुए कहा, मैं झुकेगा नहीं! प्रोफेसर शर्मा, जो अंग्रेजी के अध्यापक थे और कक्षा में नियमों के पालन के लिए जाने जाते थे, ने झुंझलाते हुए कहा, बच्चों, यह क्या बागीपन है? तुम लोगों को पढ़ाई करनी है, फिल्म नहीं देखनी है! सर, पढ़ाई तो बोरिंग है। पुष्पा तो बागी बनने का फॉमूर्ला सिखाती है! सीमा ने चुटकी लेते हुए कहा। प्रोफेसर शर्मा ने चश्मे के ऊपर से देखते हुए कहा, फॉमूर्ला? अगर बागी बनने का इतना ही शौक है, तो क्या तुम लोग अपनी किताबों को छोड़कर जंगल में जाकर लकड़ी काटने लगोगे? राजू ने जवाब दिया, सर, जंगल में जाने से तो अपनी क्लास भी नहीं मिलेगी। वहाँ तो सब बागी हैं, और हम भी बागी बनकर राज करेंगे!

अरे भाई, बागी बनना इतना आसान नहीं है। तुम्हें पढ़ाई करनी होगी, नहीं तो एक दिन बागी बनने के चक्कर में तुम खुद को पुष्पा का फॉलोअर बना लोगे! प्रोफेसर ने हंसते हुए कहा। कक्षा में हंसी का एक ठहाका गूंज उठा। तभी, चंदू, जो हमेशा कुछ नया करने की सोचता था, बोला, सर, क्या हम पढ़ाई करते हुए बागी बन सकते हैं? जैसे पुष्पा बागी था, वैसे ही हम भी बागी बनकर अच्छे अंक ला सकते हैं! बागी बनने से अंक नहीं आते, बच्चों। पढ़ाई करने से आते हैं। और अगर तुम्हें बागी बनने का इतना ही शौक है, तो तुम किताबों को बागी बना दो। पढ़ाई की किताबों में से बागियों का डायलॉग निकालो और एक्शन मूवी की स्क्रिप्ट लिखो! प्रोफेसर ने व्यंग्य में कहा। सभी छात्र फिर से हंस पड़े। सीमा ने कहा, तो क्या हम पुष्पा की तरह किताबों में खुदाई करें? जैसे वह चोरों से लड़ा, हम किताबों में बैठकर पढ़ाई से लड़ेंगे? बिल्कुल! और अगर तुम्हें किताबें नहीं मिलेंगी, तो तुम अपने से ज्यादा बागी बन जाओगे, प्रोफेसर ने कहा। फिर राजू ने मजाक में कहा, सर, अगर हम पढ़ाई नहीं करेंगे, तो क्या हमें भी अपने माता-पिता से भागना पड़ेगा? जैसे पुष्पा अपने परिवार से भागा? हाँ, लेकिन ध्यान रखना, जब तुम भागोगे, तो तुम्हारे माता-पिता तुमसे कहेंगे, बेटा, पढ़ाई से भागना ठीक नहीं है, लेकिन बागी बनने में कोई बुराई नहीं! प्रोफेसर ने मुस्कुराते हुए कहा।इस तरह, छात्रों ने एक-दूसरे से सलाह-मशविरा करना शुरू कर दिया। चंदू ने कहा, क्या तुमने देखा, पुष्पा ने कैसे अपने दुश्मनों को मात दी? हमें भी उसी तरह क्लास में अपनी किताबों के दुश्मनों को हराना होगा! सीमा बोली, हाँ, लेकिन ध्यान रहे, बागी बनने के लिए हमें अपनी पढ़ाई का भी ध्यान रखना होगा। नहीं तो एक दिन जब हमारी परीक्षा होगी, तब हमें पता चलेगा कि पुष्पा का एक्शन कोई काम नहीं आया! राजू ने कहा, चलो, फिर हम सब मिलकर एक बागी ग्रुप बनाते हैं। हमारा नाम होगा पुष्पा के फॉलोअर्स। हम पढ़ाई तो करेंगे, लेकिन बागी अंदाज में! और जब हमें क्लास में सवाल पूछे जाएंगे, तो हम मैं झुकेगा नहीं बोलकर सबको चौंका देंगे! चंदू ने उत्साहित होकर कहा। तभी प्रोफेसर शर्मा ने एक और बात जोड़ी, लेकिन बच्चों, ध्यान रखना, बागी बनने से तुम्हारे अंक नहीं बढ़ेंगे। अगर तुम पढ़ाई में बागी बन गए, तो तुम्हारे माता-पिता तुम्हें बागी बना देंगे! इस बातचीत के बाद, छात्रों ने ठान लिया कि वे पढ़ाई को बागी बनने के तरीके के रूप में लेंगे। लेकिन असलियत में, जब परीक्षा का समय आया, तो सबको एहसास हुआ कि पुष्पा की बागीगिरी केवल फिल्म तक ही सीमित थी। असल जीवन में, पढ़ाई और मेहनत के बिना कुछ नहीं मिलता। तभी राजू ने हंसते हुए कहा, अब समझ में आया, पुष्पा बनना आसान है, लेकिन पढ़ाई करना बहुत कठिन है! सच में! पुष्पा के एक्शन ने हमें एक बागी बनाने की प्रेरणा दी, लेकिन असलियत में हमें पढ़ाई की बागी बनना चाहिए! सीमा ने मुस्कुराते हुए कहा।

## विचार

# सफलता सार्वजनिक उत्सव तो असफलता व्यक्तिगत विपत्ति

डॉ सत्यवान सौरभ



सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति होती है। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घरझपरिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले ही करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेंगी। मायने ये भी रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण के भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपका भविष्य निर्माण करने में सहायक हो सकता है।

परिणाम-संचालित समाज में, प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है, परिणाम-संचालित समाज में, परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में, प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दशार्ता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापनीय परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं, लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है। रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा ले सकते हैं।

**परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलियाई बॉल-टैम्परिंग घटना जैसे घोटाले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की लागत को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है।**

परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलियाई बॉल-टैम्परिंग घटना जैसे घोटाले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की लागत को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है। निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्त्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ. उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दशार्ती है। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके। कभी कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हैं परीक्षा से इतर। अपना सब कुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरी जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के ही मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अब तक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं। युवाओं के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खराब होती है क्योंकि वह ऐसी स्थिति का सामना जीवन में पहली बार कर रहे होते हैं। ऐसे समय में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही हिम्मती और धैर्यवान लोगों के लिए ही लिखा गया हैझकोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। अंत में केवल इतना कहूंगा अपने कार्य के प्रति सदैव ईमानदार, निष्ठावान, समर्पित और वफादार रहो चाहे नौकरी हो या व्यापार।

एक नजर

## कच्चे मकान हुए पक्के, प्रधानमंत्री आवास पाकर खिले चेहरे



**बीजापुर, 16 जनवरी।** नगर पालिका बड़े बचेली मे केंद्र शासन एवं राज्य शासन के सहयोग से कुल 483 मकाने स्वीकृत हुई थी हितग्राहियो द्वारा कच्चे मकानों को पक्का करने का सपना पूरा हुआ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी टी एम कृष्णा राव द्वारा योजना से अवगत करते हुए बताया गया की स्वीकृत मकानों मे 310 मकानों को पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष प्रगतिरत मकानों को फ़रवरी अंत तक पूर्ण करना हमारा लक्ष्य है केंद्र शासन द्वारा नवीन आवास का सर्वे किया गया हितग्राहियो से आवेदन 35 प्राप्त हुए है जिनका ऑनलाइन एंट्री जारी है, नगर पालिका द्वारा हितग्राहियो के सीधे खाते मे 4 किस्तों के आधार पर ऑनलाइन भुगतान किया जाता है

मान. मुख्यमंत्री जी के द्वारा पूर्ण आवास किये हितग्राहियो को सुभकामना सन्देश पत्र ÷विष्णु की पाती ÷ डाक के माध्यम से प्राप्त हुआ जिससे हितग्राहि उत्साहित हुए एवं मान. प्रधानमंत्री जी एवं मान. मुख्यमंत्री जी को आभार एवं धन्यवाद किया गया।

## जल जीवन मिशन योजनाः भटपल्ली को मिल रहा हर घर शुद्ध पेयजल का लाभ

**बीजापुर, 16 जनवरी।** जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूरी पर स्थित भोपालपटनम विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिमेड़ के आश्रित ग्राम भटपल्ली में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम के 60 परिवारों को घर पर ही नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुँचाने का सरकार की महत्वपूर्ण योजना इस ग्राम तक पहूंचा है। ग्राम भटपल्ली में पूर्व से ही संचालित 15 हैण्डपंपों से इन ग्रामीणों को पानी की पूर्ति होती रही है। केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से ग्राम भटपल्ली के 254 लोगों को घर पर लगे नल कनेक्शन के माध्यम से निरतंर पेयजल आपूर्ति हो रहा है। ग्राम भटपल्ली को ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच कु. मीना गोटा, सचिव राधा कोरमराका, ग्रामवासी, एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रामबाई को मिला पक्का मकान

**कांकेर, 16 जनवरी ।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों को लाभ मिल रहा है। ऐसे ही कांकेर की भण्डारीपारा वार्ड क्रमांक-10 निवासी श्रीमती रामबाई यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। कच्चे मकान से होने वाली कई तरह की दिक्कतों से छुटकारा मिलने से वह पक्के मकान में परिवार के साथ सुकून से रहते हैं।श्रीमती रामबाई यादव ने बताया कि वह निराश्रित पेंशनभोगी हैं, जिससे उन्हें 500 रूपए एवं मजदूरी से 4500 रूपए प्रतिमाह पारिश्रमिक मिलता है। उन्होंने बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है तथा एक बच्चे है, अपना और परिवार का जीवन-यापन करने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि पूर्व में हम लोग दो रूम के कच्चे मकान में रहते थे, जो हर साल बरसात में मरम्मत कराने के बाद भी पानी टपकता था तथा बारिश में घर ढह जाने का खतरा बना रहता था। उस कच्चे मकान में रहना बहुत ही मुश्किल हो गया था। तब नगरपालिका के प्रधानमंत्री आवास वाले सर्वेयर एवं कर्मचारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए फार्म भरवाकर मेरा आवास स्वीकृत कराया गया। आवास स्वीकृत होने के बाद मकान निर्माण से लेकर पूर्ण होने तक नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया गया। पक्का मकान बनने के बाद मेरे परिवार की सबसे बड़ी चिंता दूर हो गई। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा पक्का मकान बन पाएगा। आज उनका पक्का आवास बन गया है और वह बहुत खुश हैं तथा जीवन बहुत अच्छे से चल रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 मार्च को

**जगदलपुर 16 जनवरी ।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 मार्च 2025 (दिन रविवार) दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धा बनाना तथा बर्हिमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इसके अंतर्गत छ.ग. राज्य के अंतर्गत चयनित उत्कृष्ट प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश कराया जाता है, एवं शाला का पूर्ण शुल्क शासन द्वारा वहन किया जाता है। योजनान्तर्गत कक्षा 12 वीं तक अध्ययन की सुविधा होती है।योजना के तहत छात्रों के चयन का मापदण्ड-पात्रता शर्तें-विद्यार्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो,विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थाई जाति प्रमाण धारक हो। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 5वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामील होने के पात्र होंगे।पिता-पालक की आय समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए।

# युवा कांग्रेसियों ने खोला स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा

- ऑपरेशन थियेटर जल्द चालू नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलनः गणेश दुर्गा
- टीडीएस की राशि, एनएचएस घोटाला सहित अन्य मांगों को लेकर युवा कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 16 जनवरी।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में आज युवा कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में व्याप्त समस्याओं को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए गणेश दुर्गा ने बताया कि जिला अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर बंद रहने के कारण ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना कर पड़ रहा है। हालांकि थोड़ी राहत देने गीदम में ओटी का संचालन किया जा रहा है। वहीं जिला अस्पताल में महत्वपूर्ण दवाईयां उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को उच्च दामों पर बाहर से दवाइयां खरीदना मजबूरी हो गई है, जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। गणेश ने आगे बताया कि जिला अस्पताल पूरी तरह भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, इस भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने लंबे समय से एक जगह पर जमे कर्मचारियों को बदला जाए। जिला अस्पताल में इन दिनों आनलाइन ओपीडी पर्ची बनाई जा रही है, जो यहां की परिस्थितियों के लिए उपयुक्त नहीं है। दूर-दराज से पहुंचे मरीज मोबाईल का उपयोग नहीं करते, जिससे उन्हें पर्ची बनवाने में दिक्कत होती है, इस व्यवस्था को तत्काल बंद होना चाहिए। वहीं युवा कांग्रेसियों ने ज्ञापन में कहा कि करोड़ों की टीडीएस की राशि में हुए भ्रष्टाचार की राशि अभी तक कर्मचारियों को वापस नहीं की गई है। एनएचएम मद में हुए 3.50 करोड़ के घोटाले की जांच अभी तक नहीं हो सकी है, उसे जल्द पूरा कर दोषियों पर कारवाई की जाए। श्री दुर्गा ने कहा कि बीते छः सालों में डीएमएफ फंड राशि का आडिट नहीं किया गया है, जिसमें कही ना कहीं बड़े भ्रष्टाचार की बु आ रही है। सीजीएमएससी से स्वीकृत निर्माण कार्यों को भी जल्द शुरू करने की बात युवा कांग्रेसियों ने कही। युवा कांग्रेसियों ने स्वास्थ्य विभाग को सात दिवस का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया या उनकी मांगे नहीं सुनी गई तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसमे उपस्थित शहर अध्यक्ष गायेंद्र सिंह ,शैलेन्द्र यादव, अरुण सोनानी ,वरुण तामो आयुष यादव अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# गणतंत्र दिवस परेड की जोर-शोर से हो रही तैयारी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 16जनवरी।** मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले परेड व व्यायाम प्रदर्शन के लिए रिहर्सल जारी है। हाईस्कूल मैदान में सुबह शाम पुलिस व केंद्रीय बल के जवान बैंड की धुन पर कदमताल कर रहे हैं।

प्रतिवर्ष स्थानीय हाईस्कूल मैदान में गणतंत्र दिवस का रंगारंग कार्यक्रम मुख्य अतिथि की उपस्थिति में धुमधाम के साथ आयोजित किया जाता है। 26 जनवरी आने में अभी 10 दिन का समय शेष रह गया है। लिहाजा हाईस्कूल मैदान में पिछले पखवाड़े भर पूर्व से गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जवान मार्चपास्ट व पीटी प्रदर्शन का रिहर्सल कर रहे हैं। कडकड़ाती ठण्ड में भी जवान सुबह 8 बजे मैदान पहुंच जाते हैं और 11 बजे तक अभ्यास कर जमकर पसीना बहा रहे हैं। शाम में भी जवान मैदान में अभ्यास करते देखे जा रहे हैं। पुलिस विभाग के आरआई सुशिल नौटियाल ने जानकारी देते बताया कि हर बार की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस की परेड में 10 कैडेट्स शामिल होंगे। जिसमें सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स, जिला बल (बस्तर फाईटर्स) महिला/पुरूष, होम गार्ड, नगर सैनिक, एनसीसी, पीजी कालेज के सिनियर डिविजन छात्र, आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैण्ड पार्टी व स्काउट गाइड के जवान अपना बेस्ट प्रदर्शन देंगे। जिसके लिये मैदान में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक व शाम को 2.30 बजे से 4 बजे तक कड़ा अभ्यास जवानों द्वारा किया जा रहा है। परेड रिहर्सल में इस साल स्कूली छात्र नजर नहीं आ रहे। पुछने पर ज्ञात हुआ कि इस वर्ष परेड में स्कूली छात्र मार्च पास्ट में शामिल नहीं होंगे क्योंकि छात्रों की परीक्षा होनी है जिसके लिए छात्र इस समय अपने पढाई में ध्यान दे रहे हैं जिसके वजह से स्कली छात्र इस साल परेड के लिए जवानों के साथ अभ्यास में शामिल नहीं हो रहे हैं। परेड का फाईनल रिहर्सल 24 जनवरी को हाईस्कूल मैदान में कलेक्टर, एसपी की मौजूदगी में किया जाएगा।

## जिला चिकित्सालय में कसावट लाने जिला प्रशासन की तैयारी

दंतेवाड़ा, 16 जनवरी । मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में प्रशासनिक एवं चिकित्सा व्यवस्था और मरीजों के सुविधाओं में कसावट लाने के लिए जिला प्रशासन की मुस्तैद कार्यवाहियां जारी है। उल्लेखनीय है कि इस क्रम में जिला चिकित्सालय में नये ओपीडी कक्ष का उन्नयन, सुव्यवस्थित वाहन पार्किंग, नेत्र परीक्षण वार्ड का निर्माण, जन औषधीय केन्द्र का संचालन, रिसेप्शन कक्ष, गायनाकोलॉजिस्ट वार्ड, हर्बल गार्डन का निर्माण जैसे अन्य विभिन्न निर्माण कार्यो को नया रूप दिया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा आज जिला चिकित्सालय का औचक मुआयना किया गया। इस दौरान उन्होंने यहां प्रसूति वार्ड, शिशु वार्ड, ओपीडी कक्ष, निर्माणाधीन नेत्र परीक्षण वार्ड, वीआईपी कक्ष, 6 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड, नाली निर्माण, का निरीक्षण करने के साथ ही चिकित्सालय में हो रहे सभी निर्माण एवं उन्नयन कार्यो का निरीक्षण कर उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

# राजिम नगरीय निकाय चुनावों को लेकर गहमा-गहमी शुरू, उम्मीदवारों की बाढ़

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**राजिम, 16 जनवरी।** आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर लोगो ने अब गहमा-गहमी शुरू हो गई है ,और अब जबकि राजिम नगर पंचायत को अनारक्षित मुक्त श्रेणी में रखा है। तब से समूचे राजिम में अध्यक्ष पद के दावेदारों की बाढ़ सी आ गई है। चूकिं चुनाव राजनैतिक दलों के आधार पर लड़े जायेगें । इसलिये भाजपा व कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच टिकट को लेकर अपने अपने दावे प्रस्तुत किये जा रहे है। राजिम में पहली बार कांग्रेस से ज्यादा दावे बीजेपी में नजर आ रहे है। भाजपा से पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल कमल सिन्हा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव आशीष शिन्दे के साथ महिलायें भी- अपना दम खम से टिकट की दावेदारी कर रही है। जिसमें श्रीमती देवकी साहू, श्रीमती खुशी साहू श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर ज़ श्रीपनी पुष्पा गोस्वामी आदि का नाम प्रमुखता से आगे चल रहा है । जबकि कांग्रेस से पवन सोनकर , विकास तिवारी, रामनारायण साहू, आदि के नाम प्रमुख है। अभी तक पूर्व महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती पदमा दुबे ने अपने पत्ते नही खोले हैं । कमल सिन्हा ने अभी तक मंडल अध्यक्ष के रूप में पार्टी से सक्रिय रहे है। उनकी छवि भी साफ-सुधरी रही है। वही महेश यादव छात्र राजनीति से ही सक्रिय रहे है। वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी में सक्रिय रहे। कैसे के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू करीबी समझे जाते है। दूसरी ओर भाजपा में इस बार महिलाओं नई पीढ़ी भी बढ़ चढ़ कर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद भी दावेदारी ठोक रहीं हैं।! श्रीमती खुशी साहू की एक तेजतर्रार नेता की छवि रही है ।पूर्व में वे सांसद प्रतिनिधी के रूप में पार्टी को अपना योगदान दे चुकी है। वर्तमान में विधायक प्रतिनिधी के दिए सजेस में आप सेवा रही है। इनका राजिम के लगभग सभी नेताओं बीच तालमेल काफी अच्छा है। पूर्णिमा चंद्राकर भी अध्यक्ष पद की दावेदार है। पूर्व में वे पार्षद रही है। अपने वार्ड में उनकी छवि काफी अच्छी बताई जाती है। श्रीमती देवकी साहू एक वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता है। पार्टी में उनकी सक्रियता बनी रहती है। जिसका का फायदा उन्हें मिलने की उम्मीद है। पुष्पा गोस्वामी भी पूर्व पार्षद के रूप में नगर भी राजनीति में सक्रिय रही है। इस बार राजिम का चुनाव अनारक्षित मुक्त होने के कारण काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है। अभी निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने पत्ते नहीं खोले है। शायद उन्हे राजनैतिक दलों के द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा का इन्तजार होगा। वैसे राजिम में भाजपा व कांग्रेस के किसी अन्य दल का विशेष प्रभाव नही है। मूल रूप राजिम नगर पंचायत का द्वि दलीय होने की उम्मीद है। अभी चुनाव की घोषणा नही हुई उसके बाद ही सही तस्वीर साफ होगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन हेतु विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**दंतेवाड़ा, 16 जनवरी ।** आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने विगत बैठक से संबंधित आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र का सेचुरेशन अभियान, जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, सभी सहकारी बैंक समितियों का खाता जिला सहकारी बैंक में खोलने का कार्य , प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण, जैविक खाद की दुकाने अलग-अलग ब्लॉक में तत्काल शुरू करवाने, जिले के पिनकोण्डा मुख्य मार्ग से समरथपारा होते हुए बीजापुर मुख्य मार्ग तक बायपास मार्ग लंबाई 6.00 किमी कार्य प्रगति जैसे विभिन्न एजेण्डे की अद्यतन प्रगति की जानकारी चाही।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के हालिया बचेली प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं के अमल के संबंध में सभी विभाग त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने जल संसाधन विभाग को जिले के गेट विहीन एनिकट की सूची उपलब्ध कराने को कहा। ताकि आगामी ग्रीष्म ऋतु के परिप्रेक्ष्य में जल स्तर को यथावत रखा जा सकें।

बैठक में इसके अलावा आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की आवश्यक रूपरेखा तैयार कर विभागवार दायित्व सौंपा गया। इसके अन्तर्गत मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन, उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने, कार्यक्रम में पेयजल, चिकित्सा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभागीय झांकियां, मंच स्थल की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विभागों को दायित्व सौंपे गए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

**दंतेवाड़ा, 16 जनवरी ।** आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य 15 जनवरी तक प्रारंभ हो जाए। इसके अलावा शासी परिषद की बैठक में 1 सौ 67 करोड़ 18 लाख 50 हजार राशि के निर्माण कार्यों का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा बैठक में कहा गया कि जिला खनिज संस्थान न्यास निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य जो ऑनलाईन पोर्टल में प्रदर्शित है परन्तु स्थल पर कार्य की वर्तमान स्थिति में अंतर पाया जा रहा है, इस स्थिति में निर्माण एजेंसी एक सप्ताह के भीतर कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराते हुए ऑनलाइन पोर्टल से प्रगतिरत कार्यो को हटाये जाने का प्रस्ताव देवें। बैठक में इसके साथ ही जिला खनिज न्यास निधि के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 के कार्ययोजना के अनुरूप राशि के बारे में कलेक्टर ने सभी को अवगत कराया। बैठक में जिला खनिज न्यास शासी परिषद के तहत कृषि, पेय जल, नवीन आंगनबाड़ी, स्कूल, सड़क, पुल पुलिया,निर्माण के तहत आबंटन राषि का लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया।उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जिला खनिज न्यास निधि के तहत प्रभावित इलाके के लोगों के आर्थिक उत्थान हेतु आजीविका के साधनों के विकास सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। इसके साथ ही आवश्यकता के अनुरूप अधोसंरचना सम्बन्धी कार्यों तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, युवा गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने सहित खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। अब जिला खनिज न्यास निधि का सदुपयोग कर जिले के समग्र विकास करने सकारात्मक पहल किया जायेगा। बैठक के दौरान जिला खनिज न्यास शासी परिषद के जनप्रतिनिधि सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्री रामूराम नेताम, अन्य जनप्रतिनिधिगण और पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय,डीएफओ श्री सागर जाधव तथा विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसीज के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## प्रशिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू

**बीजापुर 16 जनवरी ।** डीएमएफ मद के अंतर्गत जिला बीजापुर के इच्छुक अभ्यर्थियों को छ.ग. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग परीक्षा, रेल्वे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छ.ग. व्यापम के माध्यम से ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाम मूलक सफलता सुनिश्चित कराने के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का वॉक इन इंटरव्यू आयोजित किया गया है। जिसमें भाषा हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी के लिए 01 पद अनारक्षित हेतु 28 जनवरी को , सामान्य अध्ययन के लिए 02 पद अनारक्षित 29 जनवरी को एवं विज्ञान, गणित तथा तार्किक योग्यता के लिए 01 पद अनारक्षित 30 जनवरी 2025 को आयोजित किया ।

समाचार संक्षेप

## पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की हुई गिरफ्तारी



**सुकमा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और बेटे हरीश कवासी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी श्वष्ठ दफ्तर में उनसे तीसरी बार की जा रही पूछताछ के दौरान हुई। सूत्रों के अनुसार, लखमा को शाम तक कोर्ट में पेश किए जाने की संभावना है।इससे पहले 2 बार उनसे 8-8 घंटे ED के अधिकारियों ने पूछताछ की थी। दफ्तर में अंदर घुसने से पहले लखमा ने कहा कि, आज पूछताछ के बुलाया गया था। इसलिए आया हूं। देश कानून के हिसाब चलता है, अगर कानून के हिसाब से बुलाएंगे, तो मैं 25 बार आऊंगा। लखमा ने कहा कि, ED के अधिकारी जो सवाल करेंगे, उसका जवाब दूंगा। उनका सम्मान करूंगा।ED के अधिकारियों ने आज कवासी को पूछताछ के लिए ष्ट के साथ बुलाया था। लेकिन वे अकेले ही श्वष्ठ दफ्तर पहुंचे थे। लखमा ने बताया कि, उनके सीए बाहर हैं, इस वजह से वह नहीं आए हैं।

## स्पांसरशीप योजना के अंतर्गत बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक



**बीजापुर, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार के निर्देशन पर जिले में स्पांसरशीप योजना अंतर्गत लाभांवित बच्चों के अभिभावकों का बैठक कर योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली स्पांसरशीप की राशि के उपयोग के बारे में जानकारी लिया गया एवं अभिभावकों को जिले में संचालित लाईवलीहुड कॉलेज के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया गया कि आप सभी अपनी आर्थिक स्थिति सुधार हेतु जिस भी विधा पर शिक्षण/प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है। उसकी जानकारी दीजिए ताकि आपका कौशल उन्नयन कार्यक्रम से जोड़ा सके। इस पर तोयनार निवासी योगेश पावरे द्वारा स्वयं का व्यवसाय(कम्प्यूटर्स दुकान) खोलने की इच्छा जाहिर की गई इसके लिए लोन दिलाने हेतु सहयोग करने की बात कही गई, जिस पर योगेश पावरे को अंताव्यवसायी जिला अधिकारी श्री योगेश साहू से मिलाया गया और लोन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन अंताव्यवसायी अधिकारी द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों को स्पांसरशीप योजना के बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के शिक्षा एवं पोषण पर ही व्यय करने हेतु समझाईस दी गई बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नही होना चाहिए। बैठक के दौरान श्री राहुल कुमार कौशिक (जिला बाल संरक्षण अधिकारी), श्री नवीन मिश्रा संस्थागत (रेखरेख संरक्षण) अधिकारी सुश्री आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), श्री महेन्द्र कश्यप बाल कल्याण अधिकारी (बालक बालगृह) श्री संदीप चिड़ेम (सामाजिक कार्यकर्ता) उपस्थित रहे।

## दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन



**बीजापुर, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्र प्रवर्तित योजनाए दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शहरी गरीबो को लाभांवित करने के उददेश्य से नगरपालिका परिषद बीजापुर के माध्यम से विगत 10 वर्षो से संचालित है। इस योजना के अंतर्गत वर्तमान तक नगरपालिका परिषद बीजापुर के शहरी क्षेत्रो मे 170 समूहों का गठन कर उन्हे वित्तीय साक्षरता, साइबर फ्राड, बचत ऋ्रष्टा महिला सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण देकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय पहल की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 12 स्व सहायता समूहो को लगभग 50 लाख रूपये का ऋ्रष्टा बैंक के माध्यम से उपल्बध करवाकर शहरी गरीब महिलाओ को अपनी आजीविका के नये साधन तैयार करने हेतु सशक्त किया गया है। इस क्रम में अम्मा स्व सहायता समूह डीपोपारा की महिलाओ ने स्वयं का पाइप सप्लाई का व्यवसाय चलाने का निर्णय लेकर इस उद्देश्य के साथ कार्यालय नगरपालिका परिषद बीजापुर के माध्यम से 6 लाख का ऋ्रष्टा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बीजापुर प्राप्त किया। अम्मा स्व सहायता समूह डीपोपारा ने लगभग 50 नलकूप खनन के कार्य में पाइप सप्लाई देकर अपनी आजीविका का सशक्त माध्यम तैयार कर लिया है। इस कार्य से समूह की प्रत्येक महिला सालाना 40 से 50 हजार रूपये अर्जित कर अपने परिवार एवं सदस्यो का जीवन स्तर उठाने में सहयोग कर रही है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये समूह की महिलाओ ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का आभार व्यक्त किया है।

## तेरहवीं पर पत्रकारों ने शांति भोज कराकर दिवंगत साथी मुकेश को दी श्रंद्धाजलि

**बीजापुर, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुकेश की तेरहवीं पर बुधवार को पत्रकार भवन मे शांति भोज का आयोजन किया गया इस दौरान बस्तर संभाग सहित उडिसा और छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से भारी संख्या मे पत्रकार साथी यहां पहुंचे और दिवंगत पत्रकार मुकेश को भावभीनी श्रद्धांजलि दी इस मौके पर विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को.ज्ञापन सौंपा गया तेरहवीं के इस कार्यक्रम मे सभी वर्गों के लोग शामिल हुए और श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस मौके फर विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी वरिष्ठ भाजपा नेता जी वैकंट भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग अजय सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम जिला पंचायत सदस्य जानकी कोरसाके अतिरिक्त विभिन्न समाज के.लोग भी शामिल हुए इस मौके पर पत्रकारों ने दो मीनट का मौन धारण कर मुकेश के छाया चित्र पर पुषपांजलि अर्पित की सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डा. आनंद सिंह भी इस मौके पर मुकेश को श्रद्धा सुमन अर्पित किए अंत मे दिवंगत पत्रकार मुकेश को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान दिवंगत मुकेश की स्मृति मे प्रैस कल्ब मे विभिन्न प्रजाति के पौधे भी लगाये गए।



# पूर्व नपाध्यक्ष की घर-घर संपर्क यात्रा को अपार जन समर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,16 जनवरी।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर आज घर ङ्क घर संपर्क अभियान के तहत नगर के वार्ड 2, 3, 1, 10 तथा वार्ड 15 के लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने उक्त पांचों वार्ड के लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी।

आज श्री चंद्राकर ने अपने घर घर संपर्क यात्रा का शुभारंभ समर्थकों के साथ स्थानीय इमलीभाठा वार्ड 2 दशहरा मैदान स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर किया। इस बीच उनके साथ सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे। जो समस्त वार्डो में उनके साथ साथ पैदल चले। वार्ड 2 इमली भाठा से प्रारंभ संपर्क यात्रा वार्ड 2 के बाद वार्ड 3 से होते हुए शंकर नगर वार्ड 1 से होकर वार्ड क्रमांक 15 में घर घर नागरिकों के बीच पहुंची। इस दौरान जगह जगह श्री चंद्राकर का फूलमाला से स्वागत किया गया। आज प्रथम दिन के घर घर संपर्क अभियान यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिला। लोग स्वमेव श्री चंद्राकर के संपर्क अभियान से जुड़ते चले गए। श्री चंद्राकर का काफिला विशाल जन समूह के साथ वार्डो में पहुंचे। जहां नागरिकों ने अपने घर के समक्ष श्री चंद्राकर का स्वागत कर समस्याएं बताई। जिसे पूर्व नपाध्यक्ष ने गंभीरता से सुनकर आगामी समय ने समाधान करने आश्वासन दिया। नागरिकों ने श्री चंद्राकर के कार्यकाल को सबसे बेहतर बताते हुए तीन समय पानी देने पर उनका आभार व्यक्त किया। घर घर संपर्क अभियान के दौरान श्री चंद्राकर ने हर घर में पहुंचकर नागरिकों से आशीर्वाद मांगा। तथा कहा कि जो काम पिछले कार्यकाल में नहीं हो पाए थे उसे पूरा करने आप सभी का आशीर्वाद चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को एक सुझाव पत्र भी दिए। जिसमें प्रत्येक नागरिक अपने वार्ड के समस्याओं तथा विकास कार्यो से संबंधित शिकायत व सुझाव भरकर सीधे व्हाट्सएप के माध्यम से श्री चंद्राकर को भेज सकेंगे। समस्याएं से संबंधित पत्र का निराकरण किया जाएगा तथा विकास कार्यो के सुझाव को एकत्र कर आगामी समय में पूर्ण किया जाएगा। संपर्क अभियान के साथ चल रहे राजू बाघमारे ने बताया कि कल 16 जनवरी को वार्ड चार से संपर्क यात्रा का शुभारंभ तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में माता शारदा की पूजा कर किया जाएगा।संपर्क अभियान के दौरान श्री चंद्राकर के साथ प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद राजेश चंद्राकर, राजू बाघमारे, संतोष वर्मा, राहुल चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, लालू यादव, विक्की महानंद, राजेश पावर, मन्नू चौहान, मोंटी, रिकेश यादव, गौरव भारद्वाज, प्रहलाद यादव, विक्की सचदेवा, अमन मक्कड़, नरेश नायक, हिमांशु तिवारी, यादराम चंद्राकर सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## एक नजर

### ओबीसी आरक्षण कटौती के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**गरियाबंद, 16 जनवरी।** ओ.बी.सी. आरक्षण में कटौती के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू और अन्य नेताओं ने इसे ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर हमला बताते हुए भाजपा सरकार पर पिछड़े वर्गों के साथ छलावा करने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में आरक्षण न देना भाजपा की साजिश है।इस धरने का उद्देश्य भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जनजागरण करना और ओबीसी वर्ग के अधिकारों को बहाल करने की मांग कु जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने इस अवसर पर कहा अगर प्रदेश के 50त्न से अधिक ओ.बी.सी.के लोगों को समुचित आरक्षण नहीं मिला तो निश्चित मानिए आगामी चुनाव में भाजपा साफ हो जाएगी इस पंचायती चुनाव के साथ ही आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी इसका असर देखने को मिलेगा। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।कार्यक्रम के समापन पर कांग्रेस ने संकल्प लिया कि ओ.बी.सी वर्ग के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस ने इस मुद्दे को आगामी चुनावों में प्रमुख मुद्दा बनाने की घोषणा की।

### यूथ दिवस पर टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़, 16 जनवरी।** निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चन्द्रवशी के मार्गदर्शन में यूथ दिवस के अवसर पर कैरियर नर्सिंग कॉलेज रायगढ़ में एक जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग और पैरामेडिकल विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इसके लक्षण और उपचार के बारे में बताया गया। इसके अलावा, कार्यक्रम में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसके लक्षण और उपचार के बारे में बताना था। कार्यक्रम का आयोजन निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के तहत किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है।इस अवसर पर जिला टीबी उन्मूलन अधिकारी डॉक्टर जय कुमारी चौधरी, डॉक्टर रितु कश्यप सलाहकार विश्व स्वास्थ्य संगठन बिलासपुर, केरियर नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य श्री श्यामलाल श्रीवास एवं श्रीमती हेमलता गुप्ता प्रशाकीय सहायक, श्री अभिषेक मिश्रा, श्री राम प्रसाद टोप्पो, शुरूबलि साहा एवं अन्य स्टाफ उपस्थिति रहे।

### लंबे समय से अनुपस्थित आंगनबाड़ी सहायिका हुई बर्खास्त

**रायगढ़, 16 जनवरी।** आंगनबाड़ी केंद्र में लंबे समय से अनुपस्थित आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती रेखा चौहान को जिला कार्यक्रम अधिकारी की अनुशंसा एवं स्थाई समिति महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत लैलूंगा के अनुमोदन पश्चात बाल विकास परियोजना अधिकारी लैलूंगा द्वारा बर्खास्त किया गया। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती रेखा चौहान आंगनबाड़ी केंद्र सागरपाली पंचायत लारीपानी, एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा लंबे समय से आंगनबाड़ी केंद्र से अनुपस्थित थी। जिसकी जानकारी क्षेत्र भ्रमण के समय प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

साथ ही उन्हें सुनवाई का अवसर दिया गया किंतु अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुई जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने उनकी सेवा समाप्ति की अनुशंसा की, जिस पर जनपद पंचायत लैलूंगा की स्थाई समिति की अनुमोदन पश्चात 15 जनवरी को उन्हें सेवा से पृथक किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ श्री एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लापरवाही पर कार्यवाही जारी रहेगी।

# आबकारी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने की 3,69,100 की महुआ शराब एवं सामग्री बरामद

**महासमुंद 16 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के समक्ष ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब विक्रय और निर्माण की शिकायत मंगलवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में प्राप्त हुआ था। कलेक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था कि जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने आबकारी विभाग को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देशन में आज सुबह ही आबकारी एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी श्री निधीष कोष्टी तथा मंडल प्रभारी श्री दीपक ठाकुर के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत ग्राम अंसुला में अंतरा नाला के किनारे सरार में लावारिस अवस्था में चार चढ़ी हुई भट्टी में सफेद प्लास्टिक पॉलीथीन में कुल 408 लीटर महुआ शराब बाजार मूल्य 81600 रुपए एवं 23 नीले रंग के प्लास्टिक डिब्बे में महुआ लहान प्रत्येक में 250 किलोग्राम कुल 5750 किलोग्राम, बाजार मूल्य 2,87,500 रुपए कुल बाजार मूल्य 3,69,100 रुपए की मदिरा एवं सामग्री बरामद कर जप्ती कार्यवाही की गई। साथ ही 7 नग गैस सिलेंडर एवं 5 नग चूल्हा सेट को खाद्य विभाग के द्वारा जप्त किया गया। उक्त सामग्री एवं मदिरा के संबंध में पतासाजी करने पर स्वामित्व के संबंध में पता नहीं चल पाया। बाद जांच परीक्षण उपरांत महुआ शराब को जप्त कर महुआ लहान को नष्टीकरण मौके पर किया गया एवं उक्त अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अवैध शराब धारण /निर्माण करना आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) (च),34 (2 ) के तहत अपराध होने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक शिव शंकर के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक मुकेश वर्मा, नीतेश बैस, विकास बढेंद्र तथा सहायक खाद्य अधिकारी हरीश सोनेश्वरी खाद्य निरीक्षक विवेक तंवरकर, अविनाश दूबे तथा आबकारी आरक्षक देवेश मांझी एवं आबकारी टीम महासमुंद उपस्थित रहे।

### जिले में 11 पालना केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़, 16 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले में पालना केंद्र का शुभारंभ विभिन्न स्थानों पर किया गया है। इन पालना केन्द्रों में कामकाजी महिलाओं के 03 वर्ष तक के छोटे बच्चे लाभान्वित होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले में 11 पालना केन्द्र की स्वीकृति दी गई है। जिसमें बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में 03, रायगढ़ शहरी में 05, तथा बाल विकास परियोजना खरसिया में 03 स्वीकृत है।

### नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और आवारा पशुओं को लेकर बैठक में लिए गए निर्णय

**गरियाबंद, 16 जनवरी।** जिला प्रशासन ने आज जिला कार्यालय में विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा और बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में विशेष रूप से नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और आवारा पशुओं की समस्या पर विचार-विमर्श किया गया। जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए।कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में स्थित पान दुकानों पर नजर रखी जाए और जहां नशा युक्त पदार्थ बिकते हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए। कोटपा एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए औषधि विभाग को छापेमारी करने का आदेश दिया गया। साथ ही, जिले के विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट बनाकर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जाएगी और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी।महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग को नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, गांव-गांव में गठित ÷भारत माता नशा मुक्ति वाहिनी दल÷ को सक्रिय कर जनभागीदारी बढ़ाने की बात कही गई सड़क सुरक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हेलमेट न पहनने वाले और तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा ने सड़क पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले और मोबाइल पर बात करने वाले वाहन चालकों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए।कलेक्टर ने आवारा कुत्तों की नसबंदी और आवारा पशुओं को व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया।बैठकों में पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इन बैठकों का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा को बेहतर बनाना रहा।

# जिला में अब तक पकड़ा गया 2 करोड़ 42 लाख 70 हजार रुपए का 10 हजार क्विंटल धान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद,16 जनवरी।** धान खरीदी शुरु होने से पहले ही धान के अवैध परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई लगातार जारी है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आज तक 157 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिसमें 10552 क्विंटल धान जब्त की गई है जबकि 18 वाहन को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। जब्त की गई धान की लागत लगभग 2 करोड़ 42 लाख रुपए है। इनमें 03 अंतरराज्यीय एवं 154 राज्यीय प्रकरण है।

बुधवार सुबह 3 बजे 500 पैकेट धान लोड कर सरसींवा से सरायपाली अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे अनुविभागीय अधिकारी (रा) बसना द्वारा ग्राम कोटेनदहरा में पकड़ा गया तथा मंडी अधिनियम के तहत जब्त करने की कार्रवाई कर उप मंडी भंवरपुर के सुपुर्द दिया गया। इसी तरह अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी रेहटीखोल/बंजारीनाका में अवैध परिवहन करते हुए धान ट्रक पकड़ा गया। जांच नाका प्रभारी चंद्रहास प्रधान व अन्य सहायोगियों द्वारा 560 पैकेट धान जब्त किया गया है। वाहन में झारखंड से धान लोड कर खपाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ लाए जाने की आशंका के आधार पर रोका गया है।

### धान खरीदी और धरपकड़ लगातार जारी

कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। साथ ही अवैध धान परिवहन और संग्रहण पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभिन अंतरजिला चेक पोस्ट और अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में लगातार करवाई की जा रही है। इसके अलावा कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी स्वयं धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर धान खरीदी की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों, खाद्य विभाग द्वारा मंडी अधिनियम के तहत कारवाई किया जा रहा है।

### पूर्व में की गई कार्रवाईयों का ब्यौरा

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों की गई कार्रवाई अंतर्गत बसना के ग्राम बसुला में 11 जनवरी को 152 बोरा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। चेक पोस्ट पलसापाली में 13 जनवरी को 612 बोरी धान अवैध धान परिवहन करते हुए पाए जाने पर कारवाई की गई। इसी दिन सरायपाली अंतर्गत धान खरीदी उपरांत शासकीय धान को रिसाइक्लिंग किए जाने की खबर मिलने पर जांच की गई। ग्राम टेमरी में रामबाई के कोठार में काले रंग में स्टेंसिल लगे हुए तथा धान खरीदी पूर्ण होने पर लगाई जाने वाली लाल स्याही की मुहर सहित वर्ष 2024-25 में धान खरीदी में उपयोग हुए कुल 350 ख़ाली बोरे पाए गए जिनसे धान निकाल कर पलटी कर दिया गया है एवं इसी तरह के समिति में उपयोग किए गए कुल 32 बोरे धान से भरे हुए मौके पर पाए गए। इसके अलावा मौके पर कुल 525 संदिग्ध अवैध धान के बोरे भरे हुए पाए गए तथा सभी 557 बोरे धान को मौके पर जब्त कर कोटवार के सुपुर्द किया गया। उक्त धान को राजसात करने की कार्रवाई की गई। 14 जनवरी को सरायपाली अंतर्गत ग्राम अर्जुंदा में 350 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।

# स्वच्छता दीदियों ने कबाड़ से जुगाड़ कर जुटाए 8 लाख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,16 जनवरी।** नगर पालिका में मिशन क्लीन सिटी के तहत कार्य कर रहीं पालिका की स्वच्छता दीदियों ने पिछले एक वर्ष के भीतर कबाड़ से जुगाड़ की कहावत को चरितार्थ करते हुए 8 लाख रुपए जुटा लिए। पालिका प्रबंधन ने स्वच्छता दीदियों के कबाड़ से जुगाड़ की कहानी बताई। प्रबंधन ने बताया कि पालिका द्वारा संचालित चार एसएलआरएम सेंटर में 117 स्वच्छता दीदी और सफाई मित्र कार्यरत हैं जो नगर को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही कचरे से खाद बनाकर सदुपयोग कर रही है और कचरों से निलके कबाड़ को बेचकर पालिका को लाखो रुपए की आय भी अर्जित करा रही है। साल 2024 में जनवरी से दिसंबर तक सूखा कचरा, कबाड़ बेचकर स्वच्छता दीदियों ने 8 लाख की आय अर्जित की हैं। शहर में डोर टू डोर अभियान में सुबह से ही महिलाएं रिक्शा लेकर निकल पड़ती हैं और घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करती हैं। शुरुआती दिनों में महिलाओं को इस काम में लोगों के जागरूक नहीं होने के कारण कुछ परेशानी जरूर हुई, पर अब लोग सहयोग कर रहे हैं।




स्वसहायता समूह के सदस्य ने बताया कि उनके इस कार्य को लोगों का अच्छा समर्थन और सहयोग मिल रहा है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (कार्य पालन अधिकारी) एसडी शर्मा का कहना है कि वर्तमान में समूह की महिलाएं इस कार्य में जुटी हैं। नगर पालिका द्वारा वर्तमान में प्रोत्साहन के रूप में इन महिलाओं को 7200 रुपए दिए जा रहे हैं। सफाई मित्र (सुपरवाइजर) रमा महानंद का मानना है कि उनके इस काम करने से नगर स्वच्छ हो रहा है और उन्हें खुशी मिल रही है। उन्होंने बताया कि पहले ज्यादा कचरा नहीं मिलता था पर लगातार लोगों के घरों में जाने से अधिकांश लोग कचरा देने लगे। फिर भी कुछ लोग ऐसे है, जो कचरा नहीं देते और कही भी फेंक देते हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका ने उपभोक्ता शुल्क 30 से लेकर 50 रुपए मासिक शुल्क लगाया है, लेकिन इन महिलाओं द्वारा जब शुल्क लेने घरों में जाते है तो उन्हें शुल्क नहीं मिल पाता है। उनका कहना है कि घरों और दुकानों से मिलने वाली शुल्क से ही मेहनताना बनता है। इसलिए उन्होंने कहा कि नागरिक उन्हें इस काम में सहयोग देने अपील की।

### सूखे व गीले कचरे को करतीं हैं अलग

महिलाएं सुबह से सूखे और गीले कचरे लेने निकल जाती हैं। इसके बाद उसे सेंटर में ले जाकर अलग करतीं हैं। जो कबाड़ होता है उसे अलग कर डंप कर लेती हैं और बाद में उसे बेच देती हैं। नागरिक इधर-उधर कचरा नहीं फेंक रहें है जिसके कारण अब शहर के कई ऐसे स्थान स्वच्छ नजर आ रहा है।

### नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाने और शुल्क भुगतान की अपील

महिलाओं को मासिक शुल्क वसूलने में परेशानी आ रही है। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। सूखा कचरा बेचकर महिलाएं अलग से रुपए कमा रहीं हैं। नगर के लोगों से सहयोग की अपेक्षा है कि वे अपने घर का कचरा स्व सहायता समूह को दें और समय पर उन्हें पालिका द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान भी करें।

# नश के विरुद्ध व्यापक स्तर पर जनजागरुकता अभियान



**बीजापुर 16 जनवरी ।** समाज कल्याण विभाग बीजापुर द्वारा नशे के विरुद्ध व्यापक स्तर पर जन जागरुकता अभियान चलाया है युवा पीढ़ी सहित समाज के हर वर्ग को नशे से दूर रहने नशे से होने वाले दुष्परिणाम और परिवार और समाज में नशापान करने से होने वाले दुष्प्रभाव को इंगित करते हुए नशे से दूर रहने एवं नशापान का त्याग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इसी परिप्रेक्ष्य में धान उपार्जन केन्द्र कुटरू ब्लॉक भैरमगढ़ जिला बीजापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों से बातचीत किया गया उपार्जन केन्द्रों में मिल रही सुविधा बिजली पानी नेट इत्यादि की समुचित व्यवस्था का जायजा लेते हुए धान के जल्द से जल्द उठाव हेतु समिति प्रबंधक को निर्देशित किया गया अंत में ग्रामीण अंचल से आए किसानों एवं वहां पर उपस्थित श्रमिकों को नशामुक्त भारत अभियान के जन जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नशा क्या है नशा के प्रकार नशा के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी बताया गया तथा बीजापुर में स्थापति नशामुक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। नशामुक्ति केंद्र में नशे से पीड़ित व्यक्तियों को प्रवेश दिलाकर कर निःशुल्क उपचार कराने एवं समाज के मुख्य धारा में उन व्यक्तियों को जोड़ा जा सकता है इसके बारे में विस्तृत जानकारी उपसंचाल समाज कल्याण बीजापुर द्वारा दिया गया कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित किसानों एवं श्रमिकों को नशामुक्त करने हेतु संकल्प एवं शपथ दिलाया गया इस अवसर पर समाज कल्याण के कर्मचारी एवं समिति प्रबंधक बेमुला भास्कर नवीन कश्यप डाटा एंट्री ऑपरेटर बारदाना प्रभारी जितेंद्र पटेल सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# यातायात जन जागरूकता रथ पहुंचा दुगोली,नैमेड ग्रामीण क्षेत्र



**बीजापुर, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव के दिशा निर्देश यातायात नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू के मार्गदर्शन में जिले में 01जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है. जिसके तहत ग्राम दुगोली, नैमेड के हर पारा मोहल्ला में जन जागरूकता रथ को घुमा कर पर ग्राम वासियों को दोपहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाना, नाबालिक बच्चों को वाहन न चलने की समझाइए दी गई.साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया संत चौरा स्कूल दुगोली के छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया छात्र-छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने के लिए संकल्पित किया गया,साथ ही पूछे गए प्रश्नों के सही जवाब देने वालों को खेलकूद सामान से पुरुस्कृत किया गया। यातायात रोड सेफ्टी सेल आरक्षक अवध सिन्हा द्वारा यातायात के अनिवार्य,चेतावनी, एवं सूचनात्मक सकेत की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन,हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहनों में तीन सवारी ना चलाना,वाहन चलाते समय मादक द्रव का सेवन न करने , तेज गति वाहन ना चलाने सावधानी पूर्वक वाहन चलाने,प्रेशर हार्न का उपयोग न करने,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने ज़ेबरा क्रॉसिंग, रेलवे क्रॉसिंग, गुड सेमिरिटन, लाइसेंस बनाने के नियम, सड़क दुर्घटना के कारण दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं एवं उसमें निश्चित जुर्बाना की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई.साथ ही साथ जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई. उक्त जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रभारी के उप निरीक्षक केशव सिंह ठाकुर, जिला रेड क्रॉस एवं संगठक अधिकारी नारवेद सिंह ठाकुर, महिला एवं सखी सेंटर अधिकारी शीला भारद्वाज एवं नागेश्वर रजक हम स्टाफ शामिल के साथ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिका एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीडित सोमलू हेमला में मिले विक्रम मंडावी



**बीजापुर, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तहसीलदार गंगालूर ने आनन फानन मे पीडित आदिवासी ग्रामीण सोमलू हेमला के निर्माणाधीन मकान को जे सी बी मशीन से तोडे जाने की घटना से बीजापुर मे असंतोष उभरा है कांग्रेस भाजपा दोनो ही पार्टियो.ने इस तोडफोड की कार्य वाही को गलत करार दिया तथा पीडित के.पक्ष मे खडे दिख रहे है इसी बीच बुधवार को क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी अचानक गंगालूर पहुंचे और.पीडित ग्रामीण सोमलू हेमला से मिले और उसकी बात सुनी सोमलू ने बताया कि ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास होने के बाद ही घर बना रहा था बावजूद तहसीलदार. गंगालूर ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए घर को जे सी बी से तुडवा दिया मंगलवार को इस घटना के विरोध मे तोंडापारा चौक मे चक्का.जा कर दिया.था खबर लगते ही भाजपा के नेता मौकेपर पहुंचे और पीडित ग्रामीण को आशवासन देकर संबंधित पर कार्यवाही करने की बात पर चक्का जाम हटाया गया गंगालूर के सरपंच भी पीडित ग्रामीण के पक्ष मे खडे दिखे और कहां कि ग्राम सभा मे सहमति के बाद ही पट्टा.देने का प्रस्ताव पास हुआ था इधर विक्रम मंडावी ने न्याय दिलाने की बात पीडित ग्रामीण से कहीं है ।

### ग्रामीण मुकेश हेमला की हत्या में शामिल 1 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 22/12/2024 को ग्राम कमकानार निवासी मुकेश हेमला को रेड्डी मुर्गा बाजार से वापसी के समय गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादियों के द्वारा अपहरण कर जंगल की ओर ले गये थे। दिनांक 23/12/2024 को मुकेश हेमला का शव रेड्डी सूखा तालाब के पास से बरामद किया गया। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन अंतर्गत गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादियों के द्वारा ग्रामीण की पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर टंगिया, छूरी एवं चाकू जैसे धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया था। घटना पर थाना गंगालूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया दिनांक 14/01/2025 को थाना गंगालूर एवं डीआरजी की संयुक्त टीम के द्वारा उक्त घटना में शामिल आरोपी ™मंगल उईका (जन मिलिशिया सदस्य) पिता बुधु उईका उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी कमकानार, तेलगापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर को कमकानार से पकड़ा गया।पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।



### मां भगवती शाकंभरी शक्तिपीठ लोहझर में नवरात्र महोत्सव में शामिल हुई रुपकुमारी चौधरी

# देवी मां शाकंभरी दया, करुणा और स्नेह की प्रतीक : सांसद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 16 जनवरी।** मां भगवती शाकंभरी शक्ति लोहझर, छुरा क्षेत्र में शाकंभरी नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।शाकंभरी नवरात्र पर्व दिनांक -06 जनवरी पौष शुक्ल पक्ष अष्टमी से प्रारंभ होकर 13 जनवरी पौष पूर्णिमा शाकंभरी जयंती तक पूरे 9 दिनों तक चला।शाकंभरी नवरात्र पर्व का प्रारंभ लोचन राम पटेल संयोजक शाकंभरी पूजा महोत्सव आयोजन समिति छग.की अगुवाई में मंगल कलश यात्रा, जसगीत सेवा मंडली के साथ ग्राम लोहझर के सभी देवी देवताओं का आह्वान करते हुए तालाब से जल लेते हुए मंगल कलश यात्रा पुनः शाकंभरी शक्तिपीठ वापस पहुंचा। शाकंभरी शक्ति पीठ के पुजारी तुलसी प्रसाद दुबे द्वारा विधि-विधान से पूजा सम्पन्न कराया गया एवं लोचन पटेल संयोजक शाकंभरी पूजा महोत्सव आयोजन समिति छग.द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।शाकंभरी शक्ति पीठ लोहझर में शाकंभरी देवी के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा 402 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किया गया। शाकंभरी नवरात्र पर्व पर पूरे नौ दिनों तक छत्तीसगढ़ के कोने कोने से मरार पटेल समाज एवं अन्य समाज के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत एवं माता जी का दर्शन लाभ प्राप्त करने हेतु आना जाना लगा रहा।10 जनवरी को मां भगवती शाकंभरी देवी का पंचमी सिंगार पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मां भगवती शाकंभरी देवी के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा माता जी का पंचमी सिंगार किया गया।शाकंभरी नवरात्र महोत्सव पर्व पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे जसगीत प्रतियोगिता एवं रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे मां के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा खूब सराहा गया।शाकंभरी नवरात्र महोत्सव पर्व पर जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ख्याति प्राप्त कुल 12 जसगीत मंडलियों ने भाग लिया। जिसमें ज्योति विद्या जस भजन मंडली फिंगेश्वरी-प्रथम स्थान, जय मां महेश्वरी सेवा समिति सोरिद खुर्द-द्वितिय स्थान एवं पुष्पांजलि जस परिवार पलेमा -तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतिदिन शाकंभरी जसगीत प्रतियोगिता एवं रामधुनी झांकी का यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारण मनोज पटेल द्वारा किया गया।13 जनवरी पौष पूर्णिमा को मां भगवती शाकंभरी जयंती के पावन अवसर पर मां भगवती शाकंभरी देवी से उत्पन्न साग-भाजी प्रसादी रूपी दान शाकंभरी स्वरूपा मातृ शक्तियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी व अध्यक्षता रानीकेजू पटेल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला पंचायत सदस्य रायपुर, विशेष अतिथि लक्ष्मी अरुण साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, केशरी नोहर ध्रुव सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, सुखबती टांडे जनपद सदस्य लोहझर, मंजू ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, हेमलता पटेल कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छ.ग., चंद्रवती पटेल कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छग.एवं सुख बाई पटेल थे।

मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमार चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहां की देवी मां शाकंभरी दया, करुणा और स्नेह की प्रतीक हैं।उनका नाम 'शाका' (सब्जियाँ, जड़ी-बूटियाँ और फल) और 'अम्भरी' (लाने वाली) से लिया गया है, जो उनके पालन-पोषण करने वाले स्वभाव को दर्शाता है। सभी जीवों की माँ के रूप में, शाकंभरी देवी अपने भक्तों की रक्षा करती हैं, खासकर जंगलों से यात्रा करने वालों की। उनके दिन, भक्त पूजा करते हैं, उपवास करते हैं और दान-पुण्य करते हैं।शाकंभरी देवी के भव्य स्वरूप में नीला रंग, असंख्य आंखें और महाविद्याओं का प्रतिनिधित्व करने वाला रत्नजड़ित मुकुट है।उनकी तीन आंखें ज्ञान का प्रतीक हैं, जबकि उनके हाथ जीवन, रक्षा और संरक्षण के प्रतीक हैं।उनके निचले हाथ फल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां चढ़ाते हैं, जो वनस्पति की देवी के रूप में उनकी भूमिका को पुख्ता करता है। उनकी असंख्य आंखें सभी जीवित प्राणियों के प्रति उनकी गहरी सहानुभूति को दर्शाती हैं।

उक्त कार्यक्रम में छुरा बीजेपी पूर्व मंडल अध्यक्ष व सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा, सोमन यदु, प्रकाश सिन्हा, पुरूषोत्तम गिरी गोस्वामी, बलराम निषाद, पत्रकार तेजराम ध्रुव, राजिम राज महामंत्री -बिष्णु पटेल, राजिम राज संगठन मंत्री-कुंज बिहारी पटेल, राजिम राज प्रचार मंत्री-जय पटेल, विषेशर पटेल एवं बीजेपी मंडल खड़मा के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।शाकंभरी नवरात्र महोत्सव पर्व पर प्रतिदिन शाकंभरी समाज, भक्तों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।मनोकामना ज्योत का संचालन मुख्यपंडा मन्नूराम निषाद पिपराही, फगूराम मरकाम बोरियाझर, पंडा सुमन पटेल ओनवा, भूषण पटेल, घनाराम पटेल-लोहझर द्वारा किया गया। शाकंभरी शक्ति पीठ में शाकंभरी समाज के संयोजक नारायण पटेल-छुरा एवं हेमलाल पटेल(शिक्षक) लोहझर द्वारा प्रतिदिन शाकंभरी चालीसा का पाठ किया गया।शाकंभरी नवरात्र महोत्सव पर्व को सफल बनाने में शाकंभरी समाज के संयोजक नारायण पटेल-छुरा, संरक्षक -नारायण पटेल लोहझर, गैंदलाल पटेल कसेकेरा, श्यामलाल पटेल लोहझर, संतोष पटेल परसदा-खुर्द, अध्यक्ष-कृष्ण कुमार पटेल पिपराही, सचिव योगेश पटेल लोहझर, कोषाध्यक्ष धनीराम पटेल बोड़राबांधा, सलाहकार जीवन पटेल पिपराही, हेमलाल पटेल (हेमू ) लोहझर, सतीश पटेल पंक्तियां, खुटैत-रुपसिंग पटेल बोड़राबांधा, उपाध्यक्ष -थुकेल पटेल अमेठी, मोहन पटेल खम्हरिया, महामंत्री -राधेलाल पटेल ओनवा, अंकेक्षक -बेदराम पटेल छुरा, संचालक -हेमलाल पटेल (शिक्षक ), नोहर पटेल शिक्षक लोहझर, सहसचिव-भीखम पटेल जरगांव, उपकोषाध्यक्ष -कुशल पटेल खरखरा, सदस्य-राजेश पटेल करकरा, अईसराम पटेल परसदा-खुर्द, नकुल पटेल, अमित पटेल, रिखी राम पटेल, संतोष पटेल, चंपेश्वर पटेल, बिरजू राम पटेल एवं मातृशक्तियों में लक्ष्मीन पटेल, चंद्रिका पटेल, अरूणा पटेल, शकुन्तला पटेल, परमिला पटेल, यमुना पटेल, अनूपा पटेल आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# पीएम स्वनिधि योजना ने पुनर्जीवित किया मेरा रोजगार का साधन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 16 जनवरी।** दिनेश मेश्राम पिता स्व. जयकिशन मेश्राम, निवासी छुरा नगर, पिछले 15 वर्षो से नास्ता का व्ययसाय कर रहे हैं, उक्त व्ययसाय से प्रति दिन लगभग 4500 से 5000 रुपयों की बिक्री कर 500 से 700 रुपये मुनाफा कमाते है एवं इसी से अपनी एवं परिवार की आजीविका चला रहे हैं।

कोरोना के कारण जब पूरे देश में लॉकडाउन लगा तब श दिनेश मेश्राम का व्ययसाय बंद हो गया एवं व्यवसाय की सारी पूंजी खत्म हो गई थी व अपने पहचान वालों से उधार लेकर गुजारा चला रहे थे।जब पुनः बाजार चालू हये तो व्ययसाय कैसे चलायें सोच मे पड़ गयें इसी बीच नगर पंचायत छुरा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, के कर्मचारियों द्वारा प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना के बारे बताया गया एवं आवेदन करवाया गया इससे मुझे माह सितम्बर 2020 में बैंक से राशि 10000.00 प्राप्त हुये जिसेस मैने पुनः अपने व्ययसाय को प्रारम्भ किया। मेरे द्वारा उक्त ऋण राशि को समय सीमा में वापस भुगतान करने के पश्चात पुनः 20000.00 रुपये ऋण प्राप्त किया एंव यह राशि भी बैंक द्वारा निर्धारित सपय सीमा में पूर्णतः वापस दिया गया है अब मै तीसरे टर्म की राशि 50000.00 बैंक से लेने वाला हूं एवं मेरा व्यवसाय अच्छा चल रहा है। दिनेश मेश्राम के पास बैंक के द्वारा यूपीआई / क्यू.आर. स्केनर प्रदान किया गया है इससे इन्हे प्रति दिन लगभग 500 से 600 रुपये यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया जाता है।दिनेश मेश्राम बताते हैं की यूपीआई से भुगतान प्राप्त होने से इनकी बचत राशि में वृदिध हो रही है, केश आने वाली राशि खर्च हो जाती है।दिनेश को एक स्मार्ट ठेला चाहिऐ जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1, 75000.00 है इस हेतु इन्होने डे-एनयूएलएम के माध्यम से आवेदन कर दिया है।दिनेश मेश्राम का कहना है कि उनका व्यवसाय अभि ठीक चल रहा है, स्मार्ट ठेला हो जाने से और व्यवस्थित, सूंदर व स्वच्छ हो जावेगा। मेश्राम ने कहा कि मुझे इसके साथ मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान मिला। इसी तरह नगर में पीएमस्वनिधि योजना से जनक लाल सिन्हा, चंद्रमा बाई, गायत्री नेताम, भारती सिन्हा, अख्तर खान, विकेश परिहार आदि को इस योजना से लाभ मिला है।

# स्कूल बस और मोटर सायकल में आमने-सामने टक्कर, दो की मौत






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 16 जनवरी।** तिल्दा नेवरा में खरोरा तिल्दा मार्ग पर सुबह गिड़लानी पेट्रोल पंप के पास जेबी स्कूल की बस बच्चो को स्कूल छोड़कर वापस आ रही थी की अचानक मोटर सायकल से जबरदस्त भिड़ंत हो गए मोटर सायकल में दो लोग सवार थे तत्काल पुलिस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया बता दे की डाक्टरों ने ईश्वर साहू ग्राम खपरी कला निवासी को मृत घोसित कर दिया वही दूसरे घायल विजय कुमार साहू बिरगांव निवासी को मेकाहारा भेजा गया था जहा देर रात इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। अभिभावक अपने बच्चों को स्कूली बस में छोड़ने के बाद निश्चित हो जाते हैं कि उनके बच्चे सुरक्षित हैं. लेकिन क्या कभी उन्होंने सोचा कि जिस बस में उनके नौनिहाल हर रोज सफर कर रहे हैं वह सुरक्षित भी है या नहीं.

स्कूल वाहनों के हादसों का शिकार होने के मामले बीते कुछ वर्षों में काफी बढ़ गए हैं। जब ऐसे दुखद हादसे होते हैं, तो उसके बाद अकसर नियमों की दुहाई दी जाती है और चर्चाएं होती है कि अगर समय रहते नियमों का पालन किया गया होता तो ऐसा न होता। लेकिन सड़कों पर सुबह और शाम के समय सरपट दौड़ते स्कूल वाहनों की निगरानी करने वाला कोई नजर नहीं आता। दुखद हादसों के बाद अधिकारी कुछ दिन चालान पर जोर देते हैं और फिर पुरानी स्थिति लौट आती है। ऐसी ही स्थिति तिल्दा नेवरा में नजर आती है। जानकारी के अनुसार शहर से सटे बड़े निजी स्कूलों के वाहनों में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। खरोरा सड़क मार्ग पर स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध स्कूल के वाहन में विद्यार्थी अपनी मर्जी से कहीं भी बैठ रहे हैं। बस में विद्यार्थी ठूस-ठूस कर भरे जा रहे हैं।

निजी स्कूलों के निरीक्षण को लेकर जल्द अभियान चलाया जाना चाहिए। प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के नाबालिक छात्र छात्राये बिना रोक टोक के बेधड़क बाइक और कारों से स्कूल जा रहे है जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है तब विभागों का ध्यान जाता है आपको बता दे की जिस स्कूल की बस से यह गभीर हादसा हुआ है जिसमे दो लोगो की जान चली गई वह स्कूल हमेसा से विवादों में रहा है शिक्षा विभाग के आला अधिकारियो को भी निजी और सरकारी स्कूलों पर सतत निगरानी बनाये रखना चाहिए और कड़े नियम बनाने चाहिए ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना ना घटे।

चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, बसों के कागजात, बस के अंदर लगे अग्निशमन यंत्र और फर्स्टएड बाक्स आदि है भी की नहीं जाँच नहीं होती है। सीट और मानक से ज्यादा संख्या में बच्चों को बैठाने और तेज रफ्तार से चलाने को दंडनीय अपराध है पर स्कूल बसों को देखने वाला कोई नहीं है बस के मालिकों द्वारा मनमाना फ़ीस वसूली किया जाता है और सुविधा शून्य है जाँच नहीं होने के कारण स्कूल प्रशासन बेखौफ मन मर्जी चला रहे है। बता दें कि स्कूल बस में यदि सुरक्षा से संबंधी आवश्यक नियमों का यदि उल्लंघन किया जा रहा है, तो स्कूल प्रशासन से अभिभावक शिकायत कर सकते हैं. यदि स्कूल प्रशासन भी शिकायत के बाद गाइडलाइन को अनुसरण नहीं कर रहा है तो जिला परिवहन विभाग या यातायात पुलिस और जिला प्रशासन को भी शिकायत की जा सकती है.

# बेटी जन्म महोत्सव : कलेक्टर ने बेटियों को झूला-पालना देकर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 16 जनवरी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बेटी जन्म महोत्सव कार्यक्रम क़ा आयोजन बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यक्रम में शामिल 6 माह से 1वर्ष तक के 24 बेटियों का अभिनन्दन करते हुए झूला पालना देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने कहा कि माता- पिता बेटियों क़ी अच्छी तरह से परवरिश करें, बेटियों क़ी शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में मुकाम हासिल कर देश दुनिया में परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि माताएं बच्चों का देख भाल बेहतर करती हैं और संस्कारवान भी बनाती हैं। नारी शक्ति से देश, प्रदेश और हमारा जिला निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि पालक बेटियों क़ी शिक्षा के लिए बेहतर कदम उठाएं। जिला प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी के जाटवर, महिला बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा सहित परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202501142400003 /अ-2/2024-25

साकिनः-बारगरी, प.ह.नं.-10

## उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका विद्या दुर्गासी पिता लोकराम दुर्गासी, जाति धोबी, निवासी ग्राम बारगरी, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम बारगरी, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 683/2 में से रकबा 0.02 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 23.01.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411095200006**

विषयः-ब-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सन्- 2024-2025

कातलवाही प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार-पुनदास,

अनावेदक पक्षकार-

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुनदास आ. प्रहलाद जाति सतनामी सा. कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र दूरदेशी आ. पुनदास का जन्म दिनांक 03.06.2008 को स्थान कातलवाही में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 17.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

## आम सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है। मैं श्री सुरेश कुमार वर्मा पिता धनेश्वर प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम खेदामारा, पोस्ट- ढौर, थाना - जामुल तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के स्वामित्व एवं अधिपत्व की भूमि मौजा-खेदामारा, राजस्व निरीक्षक मंडल - जामुल तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़। जिस पर मैं वर्तमान में काबिज हूं। जिस पर मेरे द्वारा कच्चा निर्माण को तोड़ कर पक्का निर्माण कराया जा रहा है।

इस सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है । कि निर्माण शुदा भूमि के संबंध में किसी प्रकार से क्रय-विक्रय सौदा व अन्य संव्यवहार ना करे। अतः उपरोक्त वर्णित संपति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, पंचायत, बैंक, इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सुचना प्रकाशन के 05 दिनों के भीतर पंचायत में मयदस्तावेज लिखित प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् किये गए दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जायेगा तथा आम सूचना का खंडन मान्य नहीं होगा। जो की मुझ पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सुचना जाने।

**खेदामारा (छ.ग.)**

**दिनांक .............**

**सुरेश कुमार वर्मा**
**ग्राम पंचायत- खेदामारा**
**पताः- ग्राम- खेदामारा, पोस्ट- ढौर, तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
**रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006**
**Website:-risali.urbanecg.gov.in**

क्र./लो.क.वि./2025/1730 — रिसाली, दिनांक 14/01/2025

### //निविदा सूचना//

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृति ठेकेदारों से लो.क.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 दर के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 तालपुरी ब्लॉक बी रिसाली त्रिगलदीपा उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य | 15.19 |
| 2 | वार्ड क्र. 02 लक्ष्मण यादव घर से शीतला मंदिर से गोपाल पटेल घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 13.17 |
| 3 | वार्ड क्र. 06 नारीजाग्रन समिति के पास डोम शेड निर्माण कार्य | 14.63 |
| 4 | वार्ड क्र. 08 अशोक ठेला से जगताप हाउस तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य | 14.62 |
| 5 | वार्ड क्र. 13 शुक्ला हाउस के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 15.60 |
| 6 | वार्ड क्र. 17 पुहुक राम निषाद के घर से नर्सरी तक नाली नर्माण कार्य | 2.24 |
| 7 | वार्ड क्र. 17 विनय विद्या निकेतन से लालता प्रसाद चौक तक नाली निर्माण कार्य | 12.47 |
| 8 | वार्ड क्र. 20 प्राथमिक विद्यालय से सेन घर तक नाली निर्माण कार्य | 11.69 |
| 9 | वार्ड क्र. 21 किशोर घर से पूर्णिमा घर तक नाली निर्माण कार्य | 5.18 |
| 10 | वार्ड क्र. 21 राजू नायक घर से देवराज घर से मुख्य नाला तक नाली निर्माण कार्य | 3.92 |
| 11 | वार्ड क्र. 21 रुपेश घर से कौशल भारती घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.66 |
| 12 | वार्ड क्र. 21 शिव चौड़ी घर से कमल जांगड़े घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.10 |
| 13 | वार्ड क्र. 21 लोशिबा हर्बल घर से संत राम घर तक नाली निर्माण कार्य | 3.64 |
| 14 | वार्ड क्र. 22 अवन्ती उद्यान से शंकर होटल सड़क नं. 20 तक नाली निर्माण कार्य | 1.82 |
| 15 | वार्ड क्र. 22 नारायण चंद्राकर घर से लोकेश साहू सड़क 3 तक नाली निर्माण कार्य | 2.94 |
| 16 | वार्ड क्र. 22 पलाश टूर से अक्सोटिका टूर तक नाली निर्माण कार्य | 6.59 |
| 17 | वार्ड क्र. 22 रामधर सिंह घर से दिनेश डेयर सड़क 20 तक नाली निर्माण कार्य | 4.20 |
| 18 | वार्ड क्र. 23 बालाजी अपार्टमेंट से मुख्य नाली आरसीसी पुलिया और नाली नर्माण कार्य | 5.86 |
| 19 | वार्ड क्र. 23 सड़क नं. 19 से 20 और सड़क 16 अ तक सीसी रोड और मैत्री कुंज चौबे सर लाइन तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 13.64 |
| 20 | वार्ड क्र. 25 सड़क न 12 मैत्री जी घर से शक्ति भमन घर तक नाली निर्माण कार्य | 9.25 |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**रिसाली**


# छग सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों की नियुक्ति सूची जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 16 जनवरी।** सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार पदाधिकारियों की नियुक्ति का अनुमोदन प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा किया गया।इसमें संरक्षक के रूप में छतरसिंह ठाकुर और नीलकंठ ठाकुर जिला अध्यक्ष को नियुक्त किया गया।केशरी ध्रुव को महिला प्रभाग की अध्यक्ष, टीकम कपिल को उपाध्यक्ष, सरिता मरकाम को महिला प्रभाग की उपाध्यक्ष, लेखराज ध्रुवा को कोषाध्यक्ष, खामसिंह नेताम को महासचिव, और शीतल ध्रुव को सचिव नियुक्त किया गया।इसके अतिरिक्त, दामोदर सोरी को संयुक्त सचिव, चम्पेश्वरी मरकाम को महिला प्रभाग की संयुक्त सचिव, पन्नालाल ध्रुव, सलाहकार, पुनितराम ठाकुर को मीडिया प्रभारी बनाया गया।मनीष ध्रुव को युवा प्रभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में यशपेंद्र शाह, पुरुषोत्तम सिंह सोम, सुखचंद ध्रुव, खेदूराम नेगी, घनश्याम मरकाम, विष्णु नागेश, शिवदर्शन ध्रुव, फिरतू राम कंवर, नवतु कुमार, शंकर लाल ध्रुव, मलेशु ध्रुव, पिंकी ठाकुर, और केदार ध्रुव को शामिल किया गया है।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद ने सभी को बधाई दी है।

### वॉक इन इंटरव्यू 20 को

**भखारा, 16 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर के विभिन्न रिक्त पद यथा केस वर्कर, बहूद्देशीय कार्यकर्ता, पैरालीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर महिला सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु 20 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन, अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया है।


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोन्टा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

क्रमांक/62/खाद्य/अ.वि.अ.रा./दुकान आबंटन/2024 — कोन्टा, दिनांक 14/01/2025

### ::ईश्तहार::

शासकीय उचित मूल्य की दुकान मिलमपल्ली (आई.डी. क्रमांक 612010038) एवं सुरपनगुड़ा (आई.डी. क्रमांक 612010040) के संचालन एजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा खाद्यान्न वितरण में असमर्थता व्यक्त करने के कारण उक्त दुकानों हेतु नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है।

अतः शासकीय उचित मूल्य की दुकान मिलमपल्ली (आई.डी. क्रमांक 612010038) एवं सुरपनगुड़ा (आई.डी. क्रमांक 612010040) के संचालन हेतु इच्छुक निम्नलिखित पंजीकृत संस्था कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोन्टा में दिनांक 10.02.2025 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. ग्राम पंचायत/स्थानीय नगरीय निकाय
2. महिला स्व. सहायता समूह
3. आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
4. प्राथमिक कृषि साख समितियां
5. अन्य सहकारी समितियां
6. राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम
7. वन सुरक्षा समिति।

जी-242505350/3

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोन्टा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक/1435/न.प./लो.नि.वि./2025-25 — नगरी, दिनांक 14/01/2025

### -:ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचनाः-

**Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों/ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन प्रथम एवं द्वितीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | निविदा | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164264 | द्वितीय | CONSTRUCTION OF B.T.ROAD FROM MAIN ROAD TO HIRAU KOSRE HOME AT WARD NO. 1 | 21.35 | 31-01-2025 सायं. 5.30 तक |
| 1 | 164265 | प्रथम | Construction, Testing and Commissioning of R.C.C. Elevated Service Reservoir of 40 KL capacities & Staging 12mt. including providing and fixing of CI Double Flange pipe, Double Flange Specials & DI Double Flange soft seated sluice valve including construction of suitable R.C.C. Valve Chamber | 41.10 | 04-02-2025 सायं. 5.30 तक |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट के वेबसाईट के Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी**

एक नजर



**रायपुर, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक राजू सिन्हा सहित पदाधिकारीगण ने आत्मीय स्वागत किया।

### लखमा की गिरफ्तारी भाजपा की द्वेषपूर्ण राजनीति : महंत

**रायपुर, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, वरिष्ठ



आदिवासी नेता पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी भाजपा के राष्ट्रीय चरित्र द्वेषपूर्ण राजनीति का एक जीवंत उदाहरण है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, कांग्रेस एवं विपक्षी नेताओं को जाँच के नाम पर सरकारी एजेंसीयों द्वारा फंसाना और बदनाम कर उन्हें गिरफ्तार करना भाजपा के ओछी सोच का नतीजा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, एक सरल सहज आदिवासी नेता के साथ इस प्रकार की दमनकारी निर्णय का हम पुरजोर विरोध करते है। हम सभी कांग्रेसजन पूर्व मंत्री कवासी लखमा के साथ हैं।

### फिल्म डोली लेके आजा का प्रदर्शन 17 को

**रायपुर, 16 जनवरी।** राजश्री म्यूजिक और महेन्द्र फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित छत्तीसगढ़ी फिल्म डोली लेके आजा 17 जनवरी, शुक्रवार को प्रदेश के 26 सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज होने वाला है। फिल्म के निर्माता महेन्द्र महेश्वर, लेखक-निर्देशक, सहनिर्माता अरविन्द कुर्रे हैं। मुख्य किरदारों में राजश्री म्यूजिक के सर्वाधिक पसंदीदा गीतों में एक...दबा बल्लू फेम किशन सेन और उनके अपोजिट मंजिमा शांडिल्य शामिल हैं। अब तक होने वाले फिल्म निर्माण में मनोरंजन मुख्य उद्देश्य रहा है, इस फिल्म का भी यही ध्येय है, परन्तु इसके अलावा भी एक पुनीत लक्ष्य के साथ इससे होने वाली इनकॅम से गरीबों के लिए हॉस्टिपल खोलना मुख्य है। फिल्म के अभिनेता किशन सेन, अभिनेत्री मंजिमा शांडिल्य ने कहा कि फिल्म का आकर्षणता, मनोरंजन और अनोखे गीत-संगीत, बेहतर लुक्स होते हैं, परन्तु यह पहली फिल्म है जिसमें जनता और समाज के लिए समर्पण के भाव समाहित है, इसलिए इस फिल्म को करते हुए मन गर्व के भाव से भरा रहा। वे कहते हैं कि हम मनोरंजन कर रहे हैं, जिसमें सेवा है, जिससे हम खुद को गौरान्वित महसूस करते हैं। फिल्म के कलाकारों में इस फिल्म में छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के नामचीन कलाकारों ने काम किया है, जिनमें किशन सेन, मंजिमा सांड्लिय, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, हिंसा सहारे, उपासना वैष्णव, उर्वशी साहू, संतोष निषाद, बोचकू, सलीम अंसारी, अंजलि ठाकुर, संगीता निषाद, अर्जुन परमार, अज्जू चैहान, मक्कू माही, आर मास्टर कॉमेडी किंग, सहित उड़ीसा कालाहांडी के कटप्पा नाम से मषहूर कलाकार ने काम किया है।

### निधन

### कुंदन दवे

**रायपुर, 16 जनवरी।** दैनिक भास्कर भोपाल



के कार्यकारी संपादक मनीष दवे एवं शैलेन्द्र दवे की माता श्रीमती कुंदन दवे (पत्नी स्वर्गीय गुलाब राय दवे) का 1 बी, सेक्टर 1 गीतांजलि नगर, शंकर नगर में निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में की गयी।

# लखमा तो सिर्फ मोहरा, वास्तविक चेहरा आना बाकी : केदार कश्यप

**रायपुर. 16 जनवरी।** दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश में सियासत तेज हो गई है. इस मामले में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि कवासी लखमा तो सिर्फ मोहरे हैं. तत्कालीन मुख्यमंत्री के करीबी सभी लोग जेल में हैं. यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री निवास पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहा था.

मंत्री कश्यप ने कहा है कि भ्रष्टाचार करके पैसा गांधी परिवार को भेजा जा रहा था. छत्तीसगढ़ के जनता की कमाई सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक पहुंचता था. कहीं ना कहीं वह मोहरे के रूप में उपयोग हो रहे थे. वास्तविक चेहरा आना बाकी है.



### भविष्य में बीजेपी को भुगतना पड़ेगा खामियाजा : कांग्रेस

वहीं पूर्व आबकारी मंत्री, कोंटा विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने आज सुकमा बंद का ऐलान किया है. इसकी सूचना सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी ने अनुविभागीय अधिकारी को दे दी है. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बीजेपी ईडी के माध्यम से कांग्रेस को डराना चाहती है. लखमा कोंटा से 6 बार के विधायक हैं. आगामी नगरीय और पंचायत चुनाव हैं. ऐसे में बीजेपी कई प्रकार के हथकंडे अपना कर कांग्रेस के गढ़ में विजय हासिल करना चाहती है. बीजेपी ईडी और सीबीआई के दम पर देश में राज करना चाहती है. लोकतंत्र को पूरी तरह से खत्म करने की कोशिश कर रही है. कांग्रेस नेताओं ने कहा, ईडी अपने अधिकारी का दुरुपयोग कर रही है, जिससे भविष्य में बीजेपी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.

### लखमा की गिरफ्तारी राजनीतिक षडयंत्र : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा की गिरफ्तारी ईडी द्वारा राजनैतिक साजिश है। सर्वविदित है कि अब देश में सीबीआई, आईटी, ईडी कार्यवाही क्यों करती है? जब-जब भाजपा के राजनैतिक एजेंडे को पूरा करना होता है जहां भी छोटा, बड़ा चुनाव हो वहां विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम करने के लिये ईडी कार्यवाही करती है। छत्तीसगढ़ में पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव है। ऐसे में ईडी भाजपा के इशारे में काम कर रही है। भाजपा चुनाव को टालने में लगी हुयी है। चुनाव कराना भाजपा की मजबूरी है, तो अब विपक्ष को टारगेट करने की कोशिश की जा रही है। कवासी लखमा की गिरफ्तारी ईडी, भाजपा के राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने के लिये की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कवासी लखमा ने सदन में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। बस्तर में बिना टेंडर बना रहे



पुल में हो रहे भ्रष्टाचार का पोल खोल था, उसके दूसरे दिन ही ईडी जो है कवासी लखमा के घर छापामार कार्रवाई करती है। पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ हर वर्ग में निराशा और आक्रोश है।

ोबीसी वर्ग के आरक्षण को खत्म किया गया है, जिससे ओबीसी वर्ग में गुस्सा है, सरकार के खिलाफ ओबीसी समाज प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस लगातार ओबीसी वर्ग की आवाज उठा रही है। बस्तर में निर्दोष आदिवासियों को गोली मारा जा रहा है, हसदेव में जंगलों की कटाई हो रही है, हर तरफसरकार की नाकामी सामने है, इससे जनता का ध्यान भटकाने के लिए ईडी की कार्यवाही की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आयी है।

# पूर्व सांसद खूंटे ने कांग्रेस छोड़ी

**रायपुर, 16 जनवरी।** नगरीय निकाय चुनाव के पहले कांग्रेस को झटका लगा है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पीआर खुंटे ने पार्टी छोड़ दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही वो किसी दूसरी पार्टी में शामिल हो सकता है। पीआर खुंटे विधायक के साथ-साथ सारंगढ़ लोकसभा से एक बार सांसद भी रह चुके हैं। माना जा रहा है कि पिछ्ले कुछ वक्त से वो कांग्रेस से नाराज चल रहे थे। उन्हें पार्टी में तवज्जों नहीं मिल रही थी।

पार्टी में हाशिये पर चल रहे उपाध्यक्ष पीआर खुटे ने आखिरकार पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस से जनता की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई है। इसलिए उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। खुटे ने कहा कि जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया था, वह पूरा होता नहीं दिख रहा है। खुटे ने अपने भावी राजनीति कदम पर सिर्फ इतना ही कहा कि नई पार्टी बनाने या फिर भाजपा अथवा किसी दल में



शामिल होने को लेकर जल्द कोई फैसला लेंगे।

खुंटे पलारी से विधायक रहे, और वो सारंगढ़ लोकसभा सीट से सांसद बने। बाद में वो जोगी शासनकाल में भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। खुटे विधायक खरीद फरोख्त कांड में भी फंसे थे। बाद में वो कांग्रेस के जोगी खेमे से अलग हो गए। सतनामी समाज के नेता खुटे को अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष बनाया गया था, और वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने पार्टी छोड़ने को लेकर कांग्रेस की रीति-नीति की आलोचना की है।

# सत्यनारायण शर्मा के जन्मदिन पर एनएसयूआई का हॉफ मैराथन 17 को

**रायपुर, 16 जनवरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर कल 17 जनवरी को एनएसयूआई प्रदेश महासचिव केशव सिन्हा द्वारा में हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवाओं की भागीदारी होगी। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के पुरस्कार में प्रथम स्थान 11,000 नकद और एक स्पोर्ट्स साइकिल दिया जाएगा, द्वितीय स्थान के लिए 5,100 नकद और तृतीय स्थान के लिए 3,100 नकद पुरस्कार दिआया जाएगा। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता पाटीदार भवन भनपुरी से प्रारंभ होगी जो की रिंग रोड चौक भनपुरी तक रहेगी। मैराथन दौड़ में 14 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागी भाग



ले सकते हैं, इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। सुबह 7 बजे से दौड़ शुरू होगी। आयोजक एनएसयूआई प्रदेश महासचिव केशव सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों से समय पर पहुंचने की अपील है। इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को प्रेरित करना है। साथ ही सभी से आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे सफल बनाने की अपील की है।

# क्षितिजा कार्यक्रम में छग ने जीते पुरस्कार

रायपुर। अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की द्वितीय कार्यकारिणी और पष्ठम कार्यसमिति सभा का तीन दिवसीय आयोजन क्षितिजा गोयनका फॉर्म हाउस नागपुर में किया गया, उक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में सांस्कृतिक गतिविधि की धूम रही।

वही प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कंचन गडकरी (धर्मपत्नी नितिन गडकरी), राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड, राष्ट्रीय सचिव ज्योति राठी सहित राष्ट्रीय व प्रादेशिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान क्षितिजा कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ राज्य की टीम ने अपना विशिष्ट स्थान बनाया, रिपोर्टिंग में छत्तीसगढ़ ने पांचवीं बार कोहिनूर कैटेगिरी प्राप्त किया।इसी कड़ी में हाँ मै हूँ स्वयं सिद्धा प्रतियोगिता के ऑनलाइन 3 राउंड के पश्चात 32 सेलेक्टेड प्रतिभागी नागपुर पहुँचे जहां छत्तीसगढ़ की रुपाली गाँधी और सविता केला विजेता बनी, इस दौरान उन्हें बीकन ऑफ ब्रिलेंस की उपाधि से नवाजा



गया। राठी ने बताया कि नाटक प्रतियोगिता में मध्यांचल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, सीमा नत्थानी, उर्मिला टावरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वही वाद विवाद प्रतियोगिता में अंजलि लाखोटिया उपविजेता रही।वस्त्रम प्रोजेक्ट में छत्तीसगढ़ का तृतीय स्थान रहा जिसमें भावना राठी और नीता बजाज की मुख्य भूमिका रही।

### पूर्व विधायक शिवरतन के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो

**रायपुर, 16 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेताओं पर प्राणघातक हमला किया है। गुंडागर्दी की है यह बेहद निंदनीय और अलोकतांत्रिक है कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि तत्काल शिवरतन शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए और असंवैधानिक कार्य करने वाले पालिका के प्रशासक को हटाया जाए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा को आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में अपनी करारी हार दिख रही है इसलिए भाजपा नेता बौखलाहट में कांग्रेस नेताओं पर हमला करवा रहे हैं गुंडागर्दी कर रहे हैं लोकतंत्र की गला घोट रहे हैं। प्रदेश के निकायों में प्रशासक नियुक्त किया गया है जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है उसके बावजूद भाटापारा नगर पालिका के प्रशासक ने किस नियम के तहत पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा जो वर्तमान में किसी पद में नहीं है उन्हें लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया जबकि यह अधिकार स्थानीय विधायक का है।कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो भाजपा नेता पूर्व विधायक शर्मा ने भाजपा के गुंडों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला किया है उनके साथ मारपीट की है उन्हें लहूलुहान की है।

# छात्र-छात्राएं वार्षिक परीक्षा की तैयारी कर अच्छे नंबरों से पास हों : अजय तिवारी

**रायपुर, 16 जनवरी।** राष्ट्रीय उ.मा. विद्यालय बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक रायपुर में आज पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अजय तिवारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विद्यालय समिति थे। इस अवसर पर माननीय हरि वल्लभ अग्रवाल प्रोफेसर किशोर अग्रवाल, राम अवतार तिवारी रूपचंद श्रीमाल रमेश सुलतनिया, डॉ संगीता घई प्राचार्य डागा कन्या महाविद्यालय, प्राचार्य पी डी दीवान के अलावा समस्त अध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम के अगली कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य पी डी



दीवान के द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके के बाद कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित अजय तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा कि जो छात्र छात्राएं सालभर विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते है और उसमें जो जीतते उन्हें मै अपनी शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होनें कहा कि अब समय पढाई का है क्योकि आने वाले दिनों में बोर्ड परीक्षाओं के साथ साथ शाला की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही है जिसके लिये मन लगाकर पढे और अच्छे से मेहनत करते हुए अच्छे नंबरों से पास हो।

# सभी वार्डों में जीत हासिल करने का लक्ष्य : मूणत

**रायपुर, 16 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर जोर-जोर से जुड़ चुकी है। संगठन के विभिन्न स्तरों में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में पिछ्ले एक सप्ताह में लगातार रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पूरे 20 वार्ड की बैठक आयोजित हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए निर्देशित किया और संगठन की रणनीति से अवगत कराया।

बैठक में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि पार्टी ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों में पार्टी जिस भी प्रत्याशी को टिकट देगी, हमें संगठित होकर उस प्रत्याशी को विजयी बनाना है।

विधायक राजेश मूणत ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के साथ ही उपचुनाव में जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भाजपा का परचम लहराया है, वैसे ही आगामी चुनाव में भी भाजपा को जीताना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कसनी होगी। उन्हें भाजपा के एक साल के कार्यकाल को लेकर जनता के बीच जाना है। ऐसे में जनता को अपने पक्ष में लाने की कोशिश सभी कार्यकर्ताओं को करनी होगी। सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाना है। इसके साथ ही वार्ड स्तर पर बैठक के साथ कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर इन योजनाओं से जनता को रूबरू कराना होगा।

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का लक्ष्य रायपुर नगर निगम में अपना महापौर बनाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों का लाभ चुनाव में मिलेगा। जबकि कांग्रेस को राज्य में भूपेश बघेल और रायपुर में महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में हुए बड़े घोटालों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

विधायक राजेश मूणत ने कहा कि नगर निगम में घोटालों और भ्रष्टाचार के कारण कांग्रेस ने महापौर एजाज ढेबर से आमजनता नाराज है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के रहते बूढ़ातालाब फव्वारा घोटाला, यूनीपोल घोटाला, स्मार्ट सिटी फंड का दुरुपयोग सहित कई घोटाले हुए। उन्होंने कहा कि आम जनता ने कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त होकर उसे 2023 के विधानसभा चुनाव में जड़ से उखाड़ फेंका। इसी प्रकार वह नगरी निकाय चुनावों में भी कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। जनता कांग्रेस से नाराज है। लेकिन हमें चुनाव को हल्के में नहीं लेना है पूरी तैयारी के साथ, अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार अभियान को तेज करना है। हमें अपनी तरफ से भी पूरी तैयारी करनी चाहिए। निश्चित तौर पर इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

इस बैठक में सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में बोले कि जो भी प्रत्याशी तय होगा बिना गुटबाजी किये ईमानदारी से कार्य करना है। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि हमारा प्रत्याशी केवल कमल फूल है। इस बैठक में रायपुर पश्चिम विधानसभा के अभी 20 वार्डो के भाजपा जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पदाधिकारी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26